दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com रायपुर, रविवार 2 फरवरी 2020, माघ शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-349 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया वित्त वर्ष 2020-21 का बजट

बस थोड़ा-बहुत ही खास...!

- गांव, गरीब, किसानों के लिए कई योजनाओं का रखा ध्यान
- आयकर में कमी से राहत, पर शर्तों के साथ ही मिलेगी छूट
- 10 साल में बजट वाले दिन शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट
- सेंसेक्स 987.96 व निफ्टी 330 अंक लुढ़क कर बंद हुआ
- निवेशकों को करीब 4 लाख करोड़ रुपए की चपत
- ओबीसी व अनुसूचित जाति के लिए 85 हजार करोड़ का प्रावधान
- अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए 53 हजार 700 करोड़

वर्ष 2019-20 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 3.8 फीसदी रहने का अनुमान

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2020-21 का आम बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में खासकर गांव, गरीब, किसानों के लिए कई योजनाओं को बजट में शामिल किया। आयकर के कुछ स्लैब में कटौती का ऐलान कर मध्यमवर्ग को कुछ राहत प्रदान की। लेकिन विशेषज्ञों की मानें तो इसमें भी शर्तों के साथ छूट का पेंच होने से राहत व बचत का रास्ता थोड़ा कठिन हो गया। जिसके चलते शनिवार को शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 987.96 अंक व निफ्टी 330 अंक नीचे जाकर बंद हुआ। यह पिछले 10 साल में ■ शेष पृष्ठ 8

बजट में विजन भी और एक्शन भी

बजट इस दशक में अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत करने का काम करेगा। मैं इस दशक के पहले बजट के लिए, जिसमें विजन भी है, एक्शन भी है, वित मंत्री निर्मला सीतारमणजी और उनकी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

भ्रमित करने वाला बजट: राहुल

बजट सरकार की खोखली बातों का पिटारा है। इसमें लंबे भाषण तथा भ्रम की स्थिति पैदा करने वाली बातें हैं। देश के युवाओं एवं अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए ठोस व्यवस्था नहीं है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए कुछ भी ठोस नहीं है।

राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

नए टैक्स स्लैब का विकल्प
छूट नहीं लेने पर ही कम दर का लाभ

वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में एक नए टैक्स स्लैब का ऐलान किया। यह टैक्स स्लैब पहले से चले आ रहे टैक्स स्लैब से अलग रहेगा। जो टैक्सपेयर्स इनकम टैक्स एक्ट के तहत मिल रही टैक्स छूट नहीं चाहते हैं, वे कम टैक्स रेट वाले इस स्लैब का चुनाव कर सकते हैं।

ये है यह नया टैक्स स्लैब

आय	टैक्स स्लैब नया	टैक्स स्लैब पुराना
5 लाख से 7.5 लाख	10 फीसदी	20 फीसदी
7.5 लाख से 10 लाख	15 फीसदी	20 फीसदी
10 लाख से 12.5 लाख	20 फीसदी	30 फीसदी
12.5 लाख से 15 लाख	25 फीसदी	30 फीसदी
15 लाख रुपये से ऊपर	पूर्व की तरह 30 फीसदी की दर से	

(2.5 लाख रुपए तक की आय पर 0 फीसदी टैक्स व 2.5 लाख से 5 लाख तक की आय पर 5 फीसदी टैक्स पूर्व की तरह यथावत)

बजट की अन्य खास बातें

- *इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अगले पांच साल में 100 लाख करोड़ का निवेश होगा।*
- *देश में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने के लिए विशेष सहायता दी जाएगी।*
- *5 नई स्मार्ट सिटी बनाई जाएंगी। इसे पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा।*
- *मिशन इंद्रधनुष में 12 नई बीमारियों को बढ़ाया गया है और इसमें 5 नए टीके जुड़ेंगे।*
- *2030 तक कामकाजी उम्र के हिसाब से भारत सबसे बड़ा देश होगा।*
- *150 उच्च शिक्षण संस्थान मार्च 2021 तक शुरू हो जाएंगे। इनमें कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।*
- *देश में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए पीपीपी मॉडल के जरिए जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी।*
- *कृषि उड़ान को लॉन्च किया जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से इसके लिए पहल की जाएगी।*
- *युवाओं को मछलीपालन से जोड़ने 3477 सागर मित्र बनाए जाएंगे। तटवर्ती युवाओं को इससे रोजगार मिलेगा।*

» पेज 2 और 9 पर पढ़ें बजट विशेष

इसलिए गिरा बाजार

बजट में सरकार ने लोगों द्वारा किए जाने वाले खर्च को बढ़ाने पर तो जोर दिया है। लेकिन लोगों द्वारा की जाने वाली बचत पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण बजट पेश होते ही शेयर बाजार धड़ाम हो गया। इस बजट के प्रावधानों से गरीब व निम्न मध्य वर्ग के पास पैसा जाएगा, जिससे उनकी क्रयशक्ति बढ़गी। यानी सरकार ने अपनी नीति में थोड़ा बदलाव करते हुए कुछ सुधारित बजट तो दिया है। लेकिन लांग टर्म कैपिटल गैन पर विचार नहीं किया गया। टैक्स स्लैबिंग में विंटेड स्कीम खत्म किए जाने की चर्चा हो रही है। यही वजह है कि शनिवार को तमाम बैंकों व इंश्योरेंस कंपनियों के शेयर तेजी से गिर गए। इसलिए शेयर बाजार के लिहाज से यह बजट ठीक नहीं है। 10 साल में ऐसा पहली बार हुआ है, जब बजट के दिन शेयर बाजार इतना नीचे तक आ गया।

आदित्य मनया जैन, इन्वेस्टमेंट कंसल्टेंट, भोपाल

आज बेबाक

नई दिल्ली के चुनावी दंगल में पड़ोसी देश आतंकिस्तान ने भी अपनी टांग घुसेड़ दी है। वहां के विज्ञान एवं टेक्नालॉजी मंत्री फवाद चौधरी ने कहा है कि नई दिल्ली के मतदाता नरेन्द्र मोदी और उनकी पार्टी को हराएं। दरअसल जब पीएम मोदी ने यह बयान दिया है कि भारत दस दिनों की जंग में ही पाकिस्तान को हरा देगा तब से वहां के हुक्मरान उलजुलूल बयानबाजी कर रहे है। यह अहमद फवाद चौधरी यह भी नहीं जानता कि नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा हार भी जाती है तो भी नरेन्द्र मोदी पीएम रहेंगे और देर सबेर आतंकिस्तान खाकीस्तान जरूर बनेगा।

मोदी सरकार का बजट शुतुरमुर्ग प्रवृत्ति का

केन्द्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि यह शुतुरमुर्ग प्रवृत्ति का बजट है जो मूलभूत समस्याओं से मुंह छिपाकर खुश होना चाहता है। उन्होंने कहा है कि इस समय देश में मांग की कमी है जिसकी वजह से देश मंदी की ओर जा रहा है और इसके मूल में जनता की जेब में पैसों की कमी है लेकिन वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने जनता तक पैसा पहुंचाने का कोई इंतज़ाम नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस समय भारत में बेरोज़गारी की दर सर्वाधिक है। केंद्र सरकार इसके आंकड़े छिपाती है इसमें आश्चर्य नहीं है लेकिन बजट में रोज़गार और बेरोज़गारी का ज़िक्र ही न होना दुखद है। देश में किसानों को सम्मान निधि का पैसा नहीं मिल रहा है इस पर वित्त मंत्री चुप रह गईं। छत्तीसगढ़ धान उगाने वाले किसानों का प्रदेश है ■ शेष पृष्ठ 8 पर

करदाताओं को राहत ऐतिहासिक व क्रांतिकारी

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने टैक्स स्लैब में प्रस्तावित बदलाव से करदाताओं को दी जाने वाली राहत को ऐतिहासिक व क्रांतिकारी बताया है। उन्होंने कहा कि इससे मध्यमवर्गीय करदाताओं को काफी राहत होगी और कर चोरी पर नियंत्रण स्थापित होकर सकल राजस्व आय में इजाफा होगा जो देश के विकास को नई गति देगा। केंद्रीय बजट में शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य समेत सभी क्षेत्रों के लिए जो प्रस्ताव रखा गया है, निश्चित ही देश को नई ऊर्जा और नए विश्वास के धरातल पर आगे ले जाएगा। डॉ. सिंह ने कहा कि आधारभूत ढांचा के लिए एक सौ लाख करो? रुपयों का प्रावधान करके केन्द्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि केन्द्र सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों के प्रति सजग है। डॉ. सिंह ने कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

टैक्स का गणित : 15 लाख सालाना कमाने वाले को नई व्यवस्था में होगा 78 हजार का फायदा

नई कर व्यवस्था में पुरानी वाली 70 रियायतें खत्म

नई दिल्ली ए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2020-21 के बजट में व्यक्तिगत आयकरदाता के लिए नयी कर प्रणाली का ऐलान करते हुए शर्तों के साथ छूट-रियायतें दीं हैं। जिससे नयी व्यवस्था में पुरानी की तुलना में 15 लाख रुपए की वार्षिक आय वाले करदाता को 78 हजार रुपए का फायदा होगा। नयी कर व्यवस्था में पुरानी कर प्रणाली में मिलने वाली 100 में से 70 रियायतों को खत्म कर दिया गया है। इसमें कुछ वर्तमान छूट और रियायतों को बरकरार रखा गया है। नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का और वित्त मंत्री के रुप में शनिवार को अपना दूसरा बजट पेश करते हुए सीतारमण ने निजी आयकरदाता के लिए नयी कर प्रणाली का ऐलान करते हुए यह विकल्प ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आयकर का वर्तमान ढांचा पेचीदा : सीतारमण

सीतारमण ने कहा कि आयकर का वर्तमान ढांचा कुछ पेचीदा है और इसे अब आसान बनाने के लिए नयी प्रणाली को लाया गया है। उन्होंने कहा कि नये कर तंत्र में यदि करदाता कुछ छूटों और रियायतों को लेना छोड़ देगा तो वह नयी कर स्लैब व्यवस्था को अपना सकता है। पिछली कर व्यवस्था में 15 लाख रुपए की आय वाले को कुल दो लाख 73 हजार रुपए आयकर देना होता था और यदि वह नयी प्रणाली को अपनाता है तो उसे एक लाख 95 हजार कर देना होगा। इस प्रकार उसे 78 हजार रुपए का लाभ होगा।

ये सामान होंगे सस्ते

न्यूजप्रिंट पेपर, खेल के सामान, माइक्रोफोन, इलेक्ट्रिक व्हीकल व कुछ अन्य

कृषि — किसानों के लिए बने 16 एक्शन प्वाइंट, खर्च होंगे 2.83 लाख करोड़ रु.

भारत नेट — 6,000 करोड़ रु.

शिक्षा — शिक्षा क्षेत्र पर 99,300 करोड़ रु. खर्च होंगे। जल्द ही नई शिक्षा नीति घोषित होगी।

हेल्थ — 69 हजार करोड़ रु. का प्रावधान। 2024 तक जन औषधि केंद्रों को हर जिले में शुरु किया जाएगा।

पर्यावरण — 4400 करोड़ रु.

रेल — नई 150 यात्री गाड़ियां चलाई जाएंगी। तेजस जैसी ट्रेनें भी होंगी।

महिला — महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर 28,600 करोड़ रु.खर्च होंगे।

स्वच्छता — 12,300 करोड़ रु.

ये चीजें महंगी

- बटर घी, बटर ऑइल, खाद्य तेल, पीनट बटर
- छाछ, मेसलिन, मक्का, सुगर बीट सीड्स, संरक्षित आलू
- च्युइंग गम, डाइट वाला सोया फाइबर, आइसोलेटेड सोया प्रोटीन, अखरोट
- फुट वेयर, शेवर्स, हेयर क्लिपर्स, हेयर-रिमूविंग उपकरण
- टेबलवेयर, किचनवेयर, वॉटर फिल्टर, ग्लासवेयर
- चीनी मिट्टी के बने घरेलू सामान
- माणिक, पन्ना, नीलम और दूसरे कीमती रत्न, ताला
- हाथ वाली छलनी, कंघी, हेयरपिन, कर्लिंग पिन, कर्लिंग ग्रिप, हेयर कर्लर
- टेबल फैन, सीलिंग फैन और पेडेस्टल फैन, पोर्टेबल ब्लोअर, वॉटर हीटर और इमर्शन हीटर
- हेयर ड्रायर, हैंड ड्राइंग मशीन और इलेक्ट्रिक आइरन
- फूड ग्राइंडर, ओवन, कूकर, कुकिंग प्लेट, बॉइलिंग रिंग्स, ग्रिलर और रोस्टर
- कॉफी और चाय बनाने की मशीन, टोस्टर, इलेक्ट्रो-थर्मिक फ्लुइड हीटर, कीटनाशक उपकरण और इलेक्ट्रिक हीटिंग रेजिस्टर
- फर्नीचर, लैंप और लाइटिंग फिटिंग, खिलौने, स्टेशनरी आइटम, आर्टिफिशल फ्लॉवर, बेल्स, ट्रॉफी
- मोबाइल फोन की प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेंबली, डिस्प्ले पैनल और टच असेंबली, फिंगर प्रिंट रीडर
- सिगरेट, हुक्का, चबाने वाली तंबाकू, सुगंधित जर्दा

सुपोषण अभियान में लापरवाही पड़ेगी भारी

- सीएस मंडल की कलेक्टरों को तल्ख हिदायत
- मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को लिखी सख्त चिट्ठी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मंडल ने सभी कलेक्टरों को बेहद सख्त चिट्ठी लिखी है। उन्होंने सुपोषण अभियान में अभी तक के काम-काज को लेकर नाराज़गी ज़ाहिर की है। मुख्य सचिव ने सख्त लहजे में कलेक्टरों को चेतावनी दी है कि इस अभियान में अगर किसी भी तरह की कोताही बरती गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्य सचिव के पत्र के बाद प्रदेश भर में हड़कप मच गया है।

कलेक्टरों को लिखी गई चिट्ठी में उन्होंने कहा है कि 2 अक्टूबर से प्रारंभ हुई इस योजना के तहत हितग्राहियों को पौष्टिक गर्म भोजन प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गए थे। अभियान की राज्य स्तरीय समीक्षा करने पर नारायणपुर में गर्म भोजन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की संख्या बेहद कम है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि एनीमिया और कुपोषण के खिलाफ गर्म भोजन सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक संख्या ■ शेष पृष्ठ 8 पर

घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

बजट भाषण में सीतारमण ने कहा कि अब उपभोक्ताओं को अपने पसंद की बिजली कंपनी चुनने की आजादी होगी। इसके लिए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जो प्रीपेड तरीके के होंगे। उन्होंने इसके लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से तीन साल में पुराने मीटर बदलवाने की अपील की। इस बदलाव के लिए 22,000 करोड़ रुपये पावर और अक्षय ऊर्जा के लिए प्रस्तावित किए जा रहे हैं।

एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

बजट में सरकार द्वारा एलआईसी में अपनी बड़ी हिस्सेदारी बेचने का भी प्रावधान है। सीतारमण ने बजट भाषण में इसका ऐलान किया। इसके लिए आईपीओ लाया जाएगा। आईडीबीआई बैंक में भी सरकार अपना हिस्सा बेचेगी। बजट में वर्ष 2019-20 के लिए 3.8 फीसदी राजकोषीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया है।

बैंक डूबा तो अब 5 लाख तक की राशि सुरक्षित

बजट में सरकार ने आपके बैंक डिपॉजिट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अगर बैंक डूबता है तो आपकी 5 लाख रु. तक की जमा रकम आपको वापस मिल जाएगी, इतनी रकम सुरक्षित रहेगी। यानी बैंक में आपके 5 लाख रुपये बिल्कुल सुरक्षित रहेंगे। जबकि अब तक बैंक डूबने की स्थिति में सिर्फ 1 लाख रुपए ही सुरक्षित थे।

बजट में किसानों और गांवों को यह मिला!

लड़खड़ाती इकॉनमी को सपॉर्ट देने के लिए ग्रामीण इकॉनमी को बजट में क्या मिला, यह अहम है। सरकार 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने पर कायम है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए 16 अहम फैसले लिए गए हैं, जिसमें 20 लाख किसानों को सोलर पंप अहम।

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले वित्त वर्ष यानी 2020-21 के लिए आम बजट पेश कर दिया है। लड़खड़ाती इकॉनमी को सपॉर्ट देने के लिए ग्रामीण इकॉनमी को बजट में क्या मिला, यह अहम है। वित्त मंत्री ने कहा कि गरीब तबके का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने पर कायम है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए 16 अहम फैसले लिए गए हैं। वह बोलीं, कृषि मंडियों में कामकाज में सुधार की जरूरत है, हम सस्टेनेबल क्रॉपिंग पैटर्न पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा खास फोकस दलहन पर है। किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा, पीएम कुसुम स्कीम के जरिए 20 लाख किसानों को सोलर पंप मुहैया करवाए जाएंगे और 100 सूखाग्रस्त जिलों के विकास पर काम होगा।

किसानों की इन समस्याओं पर दिया गया विशेष ध्यान

- उन राज्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा जो केंद्र के मॉडल लॉ को मानेंगे।
- पानी की कमी की समस्या, 100 ऐसे जिलों के लिए व्यापक प्रयास किए जाएंगे।
- अन्नदाता ऊर्जादाता भी है। पीएम कुसुम स्कीम से फायदा हुआ है। अब हम 20 लाख किसानों को सोलर पंप देंगे।
- 15 लाख किसानों को ग्रिड कनेक्टेड पंपसेट से जोड़ा जाएगा।
- अगर बंजर जमीन है तो सोलर पावर जेनरेशन यूनिट लगा सकते हैं, उसे ग्रिड को बेच भी सकते हैं।
- खाद के बैलेंस्ड इस्तेमाल पर जोर. अधिक केमिकल फर्टिलाइजर यूज करने की प्रवृत्ति घटेगी।
- 162 मिलियन टन के भंडारण की क्षमता है। नाबार्ड इसे जीयोटैग करेगा. नए बनाए जाएंगे, ब्लॉक और ताल्लुक के स्तर पर बनेंगे, राज्य सरकार जमीन दे सकती है। एफसीआई अपनी जमीन पर भी बना सकती है।
- विलेज स्टोरेज स्कीम - सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए, इसमें महिलाओं की भूमिका अहम होगी।
- मिल्क, मीट, फिश को प्रीजर्व के लिए किसान रेल बनेगा।
- कृषि उड़ान लांच किया जाएगा. ये प्लेन कृषि मंत्रालय की तरफ से चलेंगे।
- हॉर्टिकल्चर - 311 मिलियन टन के साथ ये अन्न उत्पादन के आगे निकल चुका है, हम राज्यों को मदद करेंगे। वन प्रॉडक्ट , वन डिस्ट्रिक्ट का स्कीम बनाएंगे।
- इंटिग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम - संचयित इलाकों में नैचुरल फार्मिंग - जैविक खेती के लिए पोर्टल है. ऑनलाइन मार्केट मजबूत बनाया जाएगा
- फिनांसिंग ऑन निगोशिएबल वेयर हाउसिंग स्कीम - मजबूत बनाएंगे।
- नॉन बैंकिंग फाइनान्स कंपनियों को उत्साहित किया जाएगा. 15 लाख करोड़ रुपए का कर्ज किसानों को देने का लक्ष्य है। मिल्क प्रोसेसिंग क्षमता 108 मिलियन टन करने का लक्ष्य।
- समुद्री इलाकों के किसानों के लिए फिश उत्पादन का लक्ष्य 208 मिलियन टन। 3077 सागर मित्र बनाए जाएंगे, तटवर्ती इलाकों के युवाओं को रोजगार मिलेगा।
- दीनदयाल अंत्योदय योजना - 58 लाख एसएचजी बने हैं. इन्हें मजबूत बनाएंगे।
- इन 16 स्कीमों के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये का फँड आवंटित किया जाएगा। कुल फंड में कृषि, सिंचाई के लिए 1.2 लाख करोड़ रुपये की राशि शामिल है।

क्या थीं उम्मीदें

उम्मीद की जा रही थी कि सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (PM-किसान) का बजट 20 पर्सेंट कम कर सकती है। कृषि मंत्रालय ने इस योजना के तहत किसानों को पैसे देने के लिए 60,000 करोड़ रुपये की मांग की थी, जबकि 2019-20 के बजट में इस योजना के लिए 75,000 करोड़ रुपये का आवंटन तय किया गया था।

किसानों के हाथों में ज्यादा पैसे लाने की कोशिश

शहरी इलाकों की हालत बेहतर नहीं है। FMCG पर होनेवाले खर्च में 36-40% का योगदान ग्रामीण इलाकों से आता है। यह आमतौर पर शहरी इलाकों के मुकाबले तेज रहता है और यहां की सुस्ती दूर करने और ग्रामीण उपभोक्ताओं, खासतौर पर किसानों के हाथ में ज्यादा पैसा लाने का समय आ गया है। बजट से उम्मीद की जा रही थी कि किसान क्रेडिट कार्ड्स जैसे उधारी के संस्थागत साधनों के जरिए ग्रामीण किसानों को फायदा पहुंचाया जा सकता है। हालांकि ऐसी रियायतों से ग्रोथ को सपॉर्ट देने के लिए जरूरी संसाधान तलाशने का दबाव बनेगा। पूरी तरह अतिरिक्त उधारी पर निर्भर रहने के बजाय सरकार के पास ऐसेट बेचकर फंड जुटाने का भी मौका है।

स्वास्थ्य के लिए 69000 करोड़ रुपए

जानें हेल्थ सेक्टर को क्या-क्या मिला

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।उन्होंने 2020-21 में हेल्थ सेक्टर के लिए 69,000 करो? रुपए आवंटित किए गए हैं।

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 में हेल्थ सेक्टर के लिए 69,000 करो? रुपए आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम जन आरोग्य योजना से 20 हजार से ज्यादा अस्पताल जुड़े हैं। जिसमें येआयुष्मान भारत के लाभार्थियों का इलाज कराते हैं। इससे जुड़े अस्पतालों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे हर गांव कस्बे तक इसे पहुंचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के जरिए हर जिला अस्पताल के साथ मेडिकल कॉलेज अटैच करने का प्रस्ताव किया गया है। अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को दूर करने पर उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए हर जिला अस्पताल के साथ मेडिकल कॉलेज बनेगा। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि इंद्रधनुष मिशन का विस्तार किया जाएगा। मेडिकल उपकरणों पर जो टैक्स लगता है उससे मिलने वाले पैसे का उपयोग अस्पताल बनाने में किया।

विमान से जाएगा किसानों का सामान

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और बैंकों का बही खाता साफ सुथरा हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 का बजट मुख्यत: तीन बातों %आकांक्षी भारत, सभी के लिए आर्थिक विकास करने वाला भारत और सभी की देखभाल करने वाला समाज भारत पर केंद्रित है। वित्त मंत्री ने शनिवार को वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए कहा कि हमारा मकसद लोगों की आय और खरीद क्षमता बढ़ाना है।

किसानों के लिए निर्मला सीतारमण का बड़ा ऐलान

निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार की ओर से कृषि विकास योजना को लागू किया गया है, पीएम फसल बीमा योजना के तहत करोड़ों किसानों को फायदा पहुंचाया गया। सरकार का लक्ष्य किसानों की आय दोगुना करना है। किसानों के लिए बड़ा ऐलान करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के लिए 16 सूत्रीय फॉर्मूले का ऐलान करती है, जिससे किसानों को फायदा पहुंचाएगा। कृषि भूमि पट्टा आदर्श अधिनियम-2016, कृषि उपज और पशुधन मंडी आदर्श अधिनियम -2017, कृषि उपज एवं पशुधन अनुबंध खेती, सेवाएं संवर्धन एवं सुगमीकरण आदर्श अधिनियम-2018 लागू करने वाले राज्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा

- मॉर्डन एग्रीकल्चर लैंड एक्ट को राज्य सरकारों द्वारा लागू करवाना।
- 100 जिलों में पानी की व्यवस्था के लिए बड़ी योजना चलाई जाएगी, ताकि किसानों को पानी की दिक्कत ना आए।
- पीएम कुसुम स्कीम के जरिए किसानों के पंप को सोलर पंप से जोड़ा जाएगा। इसमें 20 लाख किसानों को योजना से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा 15 लाख किसानों के ग्रिड पंप को भी सोलर से जोड़ा जाएगा।
- फर्टिलाइजर का बैलेंस इस्तेमाल करना, ताकि किसानों को फसल में फर्टिलाइजर के इस्तेमाल की जानकारी को बढ़ाया जा सके।
- देश में मौजूद वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज को नबार्ड अपने अंडर में लेगा और नए तरीके से इसे डेवलेप किया जाएगा। देश में और भी वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे। इसके लिए क्क्क्क्कमॉडल अपनाया जाएगा। जिन किसानों के पास बंजर जमीन है, उस पर उन्हें सौर बिजली इकाइयां लगाने और अधिशेष बिजली सौर ग्रिड को बेचने में मदद की जाएगी
- महिला किसानों के लिए धन्य लक्ष्मी योजना , जिसके तहत बीज से जुड़ी योजनाओं में महिलाओं को मुख्य रूप से जोड़ा जाएगा।
- कृषि उड़ान योजना को शुरू किया जाएगा। इंटरनेशनल, नेशनल रूट पर इस योजना को शुरू किया जाएगा।
- दूध, मांस, मछली समेत खराब होने वाली योजनाओं के लिए रेल भी चलाई जाएगी।
- किसानों के अनुसार से एक जिले, एक प्रोडक्ट पर फोकस किया जाएगा।
- जैविक खेती के जरिए ऑनलाइन मार्केट को बढ़ाया जाएगा।
- किसान क्रेडिट कार्ड योजना को 2021 के लिए बढ़ाया जाएगा।
- दूध के प्रोडक्शन को दोगुना करने के लिए सरकार की ओर से योजना चलाई जाएगी।
- मनरेगा के अंदर चारागार को जोड़ दिया जाएगा।
- ब्लू इकॉनोमी के जरिए मछली पालन को बढ़ावा दिया जाएगा। फिश प्रोसेसिंग को बढ़ावा दिया जाएगा।

बनाए जाएंगे 100 हवाई अड्डे

जल्द दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

निर्मला सीतारमणदेश में इंफ्रास्ट्रकचर को बढ़ावा देने के लिए सरकार बड़ा निवेश करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, 'मैंने 2020-21 में परिवहन बुनियादी ढांचे के लिए 1.70 लाख करोड़ रुपये प्रदान करने का प्रस्ताव किया है, इसके तहत मॉर्डन रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, बस स्टेशन, लॉजिस्टिक सेंटर्स बनाए जाएंगे।' वहीं हवाई जहाजों की संख्या 600 से 2200 करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को अपने स्टार्टअप में युवाओं को जोड़ने से अपील की जाएगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेस-वे को जल्द ही पूरा किया जाएगा। रेलवे स्टेशनों पर फ्री वाईफाई मिलेगा।

6000 किलोमीटर वाले हाइवे को मॉनिटाइज किया जाएगा, देश में 2024 तक 100 नए हवाई अड्डे बनाए जाएंगे। इसके तहत 24000 किमी. ट्रेन को इलेक्ट्रॉनिक बनाया जाएगा। तेजस ट्रेन की संख्या को बढ़ाया जाएगा, जो कि टूरिस्ट डेस्टिनेशन तक जाए। मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन के काम में तेजी लाई जाएगी।

केंद्र सरकार पर कर्ज घटा

निर्मला बोलीं- 27 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में बजट पेश करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पर कर्ज मार्च 2019 में घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 48.7 प्रतिशत रह गया। जबकि मार्च 2014 में यह 52.2 प्रतिशत था। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बजट का उद्देश्य सभी लोगों की आकांक्षाओं और उम्मीदों पर खरा उतरने का है। 27 करोड़ 10 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर सरकार काम करती है।

निर्मला के बजट की 10 बड़ी बातें

1- वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरें घटाने के बाद घरेलू वस्तुओं पर मासिक खर्च में चार प्रतिशत की बचत हुई है।

2- पुलिस विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय अपराध विज्ञान विश्वविद्यालय के गठन का प्रस्ताव

3- जिन किसानों के पास बंजर जमीन है, उस पर उन्हें सौर बिजली इकाइयां लगाने और अधिशेष बिजली सौर ग्रिड को बेचने में मदद की जाएगी

4- नयी शिक्षा नीति जल्द घोषित की जाएगी। शिक्षा के लिए 99 हजार 300 करोड़ तथा कौशल विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये।

5- 2025 तक दूध प्रसंस्करण क्षमता दोगुना कर 10.8 करोड़ टन की जाएगी। मत्स्य पालन क्षेत्र में रोजगार बढाने के लिए सागर मित्र योजना।

6- जिला स्तर पर बागवानी परियोजनाओं को महत्व, जैविक खेती के ऑनलाइन पोर्टल को मजबूत करेंगे। कृषि के लिए नाबार्ड 2020-21 में 15 लाख करोड़ का ऋण देगा।

7- स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 69 हजार करोड़ रुपए। टीबी हारेगा, देश जीतेगा - 2025 तक तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम होगा लॉन्च। जिला अस्पतालों में मेडिकल कालेजों की स्थापना के लिए सरकार देगी आर्थिक मदद।

8- स्वच्छ भारत मिशन के लिए 12 हजार 300 करोड़ रुपये। कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए 2.83 लाख करोड़ का आवंटन

9- प्रधानमंत्री ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के तहत 20 लाख किसानों को सौर पंप मदद

10- वर्ष 2020-21 में 11,500 करोड़ रुपये हर घर जल योजना के लिए दिए जाएंगे।

किसान ट्रेन का प्रस्ताव

जल्द खराब होने वाले उत्पादों की ढुलाई के लिये

सरकार ने फल और सब्जी जैसे जल्दी खराब होने वाले कृषि उत्पादों की ढुलाई के लिये किसान रेल का प्रस्ताव किया है। इसके तहत इन उत्पादों को रेफ्रिजरेटेड डिब्बों में ले जाने की सुविधा होगी। विशेष किसान रेलगाड़ियां सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत चलाने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए किसानों के लाभ के लिए कई उपायों का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि जल्द खराब होने वाले सामान के लिए राष्ट्रीय शीत आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण को रेलवे पीपीपी मॉडल में किसान रेल बनाएगी। इससे ऐसे उत्पादों की ढुलाई तेजी से हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का चुनिंदा मेल एक्सप्रेस और मालगाड़ियों के जरिये जल्द खराब होने वाले सामान की ढुलाई के लिये रेफ्रिजरेटेड पार्सल वैन का भी प्रस्ताव है। जल्द खराब होने वाले फल, सब्जियों, डेयरी उत्पादों, मछली, मांस आदि को लंबी दूरी तक ले जाने के लिये इस तरह की तापमान नियंत्रित वैन की जरूरत है।

बिजली मीटर की जगह लेंगे प्री पेड मीटर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आने वाले वक्त में देशभर में प्री पेड मीटर लगेंगे। यह स्मार्ट मीटर होगा, जिसकी मदद से सप्लायर और रेट चुनने का विकल्प होगा। बजट में वित्त मंत्री ने 22 हजार करोड़ रुपए ऊर्जा क्षेत्र को दिए।

क्या होता है प्री पेड मीटर

प्री मेड...जैसा की नाम से ही साफ है, कि आपको पेमेंट पहले करनी होगी। जैसे प्री पेड नंबर, डिश टीवी का पहले रीचार्ज करना होता है फिर सुविधा मिलती है, ठीक वैसे ही अब होगा। सामान्य मीटर में पहले बिजली यूज करते हैं, फिर बिल आता है, लेकिन प्री पेड में पहले रीचार्ज करना होगा फिर बिजली इस्तेमाल कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश, दिल्ली (किराएदारों के लिए) पहले से प्री पेड मीटर चल रहे हैं।

बजट में भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बिजली मीटर बदलने की बात भी की। निर्मला सीतारमण ने कहा कि आने वाले वक्त में देशभर में प्री पेड मीटर लगेंगे। यह स्मार्ट मीटर होगा, जिसकी मदद से सप्लायर और रेट चुनने का विकल्प होगा। बजट में वित्त मंत्री ने 22 हजार करोड़ रुपए ऊर्जा क्षेत्र को दिए।

इस योजना के तहत पुराने मीटरों को धीरे-धीरे हटाया जाएगा। प्री पेड मीटरों के जरिए बिजली कंपनी चुनने की आजादी होगी। इस योजना का ऐलान करते हुए सीतारमण ने कहा, 'मैं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से पुराने मीटर बदलकर प्री पेड स्मार्ट मीटर अगले 3 साल में लगवाने का आग्रह करती हूं।' सीतारमण ने बताया कि उससे उपभोक्ता अपनी सुविधा के हिसाब से कंपनी और रेट चुन सकती है। सीतारमण ने कहा, 'यह सबको बिजली देने की दिशा में अहम कदम है। डिस्कॉम में बदलाव के लिए 22,000 करोड़ रुपये पावर और अक्षय ऊर्जा के लिए प्रस्तावित किए जा रहे हैं।'

बता दें कि प्री पेड मीटर के प्लान पर केंद्र सरकार काफी पहले से काम कर रही है। साल 2018 में भी सरकार ने ऐसी मंशा जाहिर की थी। सरकार ने 2022 तक सभी मीटरों को बदलने का लक्ष्य रखा है।

नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी से होंगी नॉन गजेटेड सरकारी पदों पर भर्ती

आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश कर रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए सरकारी नौकरियों के लिए नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी बनाने के प्रस्ताव की घोषणा की है। इसके जरिए नॉन गैजेटेड पदों पर भर्ती की जाएगी। बजट 2020 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी का गठन के प्रस्ताव की घोषणा की। यह कंप्टूयर बेस्ड ऑनलाइन परीक्षा के जरिए भर्ती करेगी। हर जिले में इसके लिए एक सेंटर बनेगा।

वहीं सीतारमण ने 2020-21 का बजट पेश करते हुए कहा कि अगले वित्त वर्ष में शिक्षा के लिए 99,300 करोड़ रुपये और कौशल विकास के लिए 3,000 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में बाह्य वाणिज्यिक उधारी और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार युवा इंजीनियरों को इंटर्नशिप का अवसर देने के उद्देश्य से शहरी स्थानीय निकायों के लिए एक कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रही है। सीतारमण ने कहा कि राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय फॉरेंसिक विश्वविद्यालय का प्रस्ताव लाया जा रहा है। वहीं शीर्ष 100 संस्थान पूरी तरह से ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रम शुरू करें, इसकी भी योजना तैयार हो रही है।

नए दशक के पहले बजट पर भाजपा की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया, सभी बोले

केंद्रीय बजट नए भारत की रचना का संकल्प पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए प्रस्तुत बजट को नए दशक के नए भारत की रचना का संकल्प पत्र बताया है। भाजपा ने कहा कि केन्द्रीय बजट में सर्वसमावेशी विकास के बेहतर संतुलन की अनुपम मिसाल पेश करके केन्द्र सरकार ने कुशल आर्थिक प्रबंधन का परिचय दिया है, यह बजट किसानों, युवकों और मध्यम वर्गीय लोगों के विकास के सपनों को पंख देता है।

देश की उम्मीदों को पूरा करने वाला बजट

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने कहा कि केन्द्र सरकार का यह बजट देश की उम्मीदों को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट भारत को नए दौर में ले जाने की प्रतिबध्दता व्यक्त करता है। किसानों के लिए 16 सूत्रीय प्लान बनाकर केन्द्र सरकार ने किसानों के जीवन में खुशहाली लाने का संकल्प जताया है, वहीं आदिवासियों व पिछड़े वर्ग के लिए भी बजट में 1.38 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करके इन वर्गों के सर्वांगीण कल्याण की चिंता की है। गरीब बच्चों की उच्च शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षा के लिए 39,990 करोड़ रुपए का प्रावधान क्रांतिकारी है।

रोजगार के नए अवसरों का होगा सृजन

भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने केन्द्र सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट नए मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसरों का सृजन करेगा। सुश्री पाण्डेय ने महिलाओं व बेटियों के स्वास्थ्य व शिक्षा के साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रावधानों से महिलाओं को शैक्षिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से सम्मानजनक स्थान प्रदान करेगा। सुश्री पाण्डेय ने रेलवे के विकास की नई पीपीपी मॉडल ट्रेनों के परिचालन के साथ ही रेलवे की खाली जमीन पर सोलर प्लांट लगाने को ऊर्जा संवर्धन के लिए उपयोगी कदम बताया है।

आदिवासी संग्रहालय की घोषणा स्वागतेय

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद रामविचार नेताम ने केन्द्रीय बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट भारत को सबल और विकसित बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की सोच को परिलक्षित करता है। युवा, महिला, अनुसूचित जनजाति वर्ग व सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया यह नए भारत का बजट है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और पानी देने के साथ ही स्वच्छ पर्यावरण पर भी ध्यान रखा गया है जो आमजनों को ईज ऑफ लिविंग उपलब्ध करने के लिए उठाया गया कदम है। रांची में आदिवासी संग्रहालय की घोषणा स्वागत योग्य है।

मजबूत सोच से प्रेरित मजबूत बजट

प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट स्वर्णिम भारत के विकास को समर्पित है। गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला सभी वर्गों का समग्र हित इस बजट में समाहित है। राष्ट्र के विकास के पथ को मजबूत करने के लिए इस बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मजबूत सोच से देश को एक मजबूत बजट मिला है। श्री कौशिक ने इस ऐतिहासिक बजट के लिए प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के प्रति आभार माना है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की चिंता इस बजट में दिखती है। व्यापार, रोजगार की दिशा में भारत कैसे मजबूत हो इन बातों का बजट में ध्यान रखा गया है।

छोटे उद्योगों को कर्ज का प्रस्ताव राहत भरा

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा ने केन्द्रीय बजट को अच्छा बताया और स्वागत करते हुए कहा कि आयकर स्लैब में बदलाव का प्रस्ताव ऐतिहासिक है। ईमानदार टैक्स पेयर की बहुत समय से मांग थी कि उन्हें आयकर देने में राहत दी जाए जिसे वित्तमंत्री सीतारमण में पूरा किया। इसके लिए धन्यवाद की पात्र है। इस बजट में युवाओं को उच्च क्वालिटी शिक्षा देने का विजन है साथ ही राष्ट्रीय रिक्यूटमेंट एजेंसी बनाने की घोषणा बहुत अच्छी है। जिससे युवाओं के लिए रोजगार की असीम संभावनाएं पैदा होंगी। श्री शर्मा ने कहा कि बजट में उद्योग जगत का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

किसानों के प्रति संवेदना और सम्मान का प्रतीक

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूनम चन्द्राकर ने केन्द्र सरकार के बजट को देशभर के अन्नदाताओं के प्रति केन्द्र सरकार की संवदेना और सम्मान का प्रतीक बताया। 16 बिन्दुओं पर किसानों को जो सुविधाएं देने का प्रस्ताव करके 16 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है, वह स्पष्ट करता है केन्द्र सरकार किसानों की न केवल आय दुगुनी करने के संकल्प की दिशा में कदम बढ़ा रही है, साथ ही वह किसानों का सर्वतोमुखी कल्याण और उनकी खुशहाली का पूरा ध्यान रखती है।

भावी पीढ़ी की बेहतर बुनियाद रखी- विधानी

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष पूजा विधानी ने भी केन्द्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट महिलाओं, बेटियों और छात्राओं के आत्म-सम्मान का रक्षापत्र है। महिलाओं के सामाजिक विकास के साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य की चिंता करके केन्द्र सरकार ने भावी पीढ़ी की बेहतर बुनियाद रखी है, इसके लिए प्रधानमंत्री व केन्द्रीय वित्त मंत्री का महिला मोर्चा अभिनंदन करता है। श्रीमती विधानी ने बजट को सभी वर्गों के लिए आशा-विश्वास जगाने वाला बताया है।

केन्द्र का बजट काफी निराशाजनक : शैलेष

बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त हुए प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि शनिवार को जो केंद्र सरकार का बजट पेश हुआ है, बहुत ही निराशाजनक बजट है। इस बजट में कोई नई चीज नहीं है। किसानों की आय 2022 तक दोगुनी करने के वादे को दोहराया गया है लेकिन इसे कैसे प्राप्त करेंगे इसके बारे में बजट में कुछ भी नहीं कहा गया है। देश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई, व्यापार जगत जिस मंदी से गुजर रहा है उसे दूर करने के उपायों का भी जिक्र इस बजट में नहीं है।

वित्त मंत्री निर्मला ने जनता को पकड़ाया झुनझुना : मरकाम

- किसानों, बेरोजगारों, युवाओं, महिलाओं के साथ ही आमजन के लिये बजट निराशाजनक
- मोदी 2 का बजट 2 जन आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल : पीसीसी चीफ
- आदिवासियों के लिये बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया जाना दुखद

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मोदी टू के दूसरे बजट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने निराशाजनक एवं झूठ और जुमलों की पुड़िया करार दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश की जनता को बेहतर जीवन देने के आश्वासन देने में भी असफल रही है। देश की जनता मोदी टू के दूसरे बजट से बड़ी आस लगाये बैठी थी, लेकिन वित्त मंत्री जी के बजट ने देश की जनता के उम्मीदों पर पानी डाला है। आदिवासियों के लिये बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं दिया जाना दुखद। पाँच ट्रिलियन इकोनामी की बात जुमला ही निकली? बजट में रोज़गार शब्द का ज़िक्र तक नहीं? पाँच नए स्मार्ट सिटी बनाएँगे? पिछले सौ स्मार्ट सिटी का ज़िक्र तक नहीं। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की संख्या बढ़ कैसे गई? देश की गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई, रोजगार की विकराल समस्या, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों के आमदनी बढ़ाने एवं कृषि क्षेत्र में लागत कम करने, सस्ती शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा और उद्योग जगत को मजबूत नीति देने में मोदी सरकार असफल सिद्ध हुई है। बीते 6 साल के कार्यकाल में ध्वस्त हुई रोजी रोजगार व्यापार उद्योग कैसे पुनर्जीवित होंगे इसके लिए कोई नीति निर्धारण बजट में नहीं दिखा। थालीनॉमिक्स की बात करने वाले मोदी सरकार के वित्त मंत्री महंगाई कालाबाजारी के कारण आम जनता के थाली से गायब प्याज दाल तरकारी को वापस लाने में असफल हुई। भारतीय खुदरा बाजारों में वह 100 प्रतिशत एफडीआई के बाद शिक्षा के क्षेत्र में एफडीआई को प्राथमिकता देकर मोदी, निर्मला की सरकार ने व्यापार जगत की तरह ही शिक्षा क्षेत्र को भी तबाह करने का इतंजाम कर दिया। चिकित्सा उपकरण के नाम पर एक प्रतिशत सेस और बढ़ा दिया गया। ऑडिट लिमिट, टीडीएस और कटौती में कोई छूट नहीं बढ़ायी गयी। भागीदारी फर्मों के लिये आयकर की दर अब भी 30 प्रतिशत है। रासायनिक खादो के उपयोग में कमी बात इसलिये कर रहे है, क्योंकि खाद की आपूर्ति नहीं कर पा रहे है।

चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई में अब तक 932 गिरफ्तार

- कुर्क की गई भूमि की नीलामी से 7.92 करोड़ शासकीय कोष में जमा

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में चिटफंड कंपनियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में अब तक 932 लोगों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में पेश किया जा चुका है, वहीं कंपनियों की भूमि की नीलामी से 7.92 करोड़ रूपये की राशि शासकीय कोष में जमा किया गया है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में अनियमित वित्तीय कंपनियों (चिटफण्ड कंपनियों) द्वारा निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के मामले को राज्य सरकार ने बड़ी गंभीरता से लिया है। मुख्यमत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर निवेशकों की धन वापसी की कार्रवाई पुलिस प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2012 से अक्टूबर 2019 तक 484 अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इनमें से 307 प्रकरणों में 468 संचालकों, 185 पदाधिकारियों और 279 अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

चीन में कोरोना वायरस के कहर से मरने वालों की संख्या 212 के पार

कोरोना वायरस का इलाज नहीं



संदेह : चमगादड़ का सूप पीने से फैला

क्या है कोरोना वायरस

कोरोना वायरस (सीओवी) का संबंध वायरस के ऐसे परिवार से है, जिसके संक्रमण से जुकाम से लेकर सांस लेने में तकलीफजैसी समस्या हो सकती है. इस वायरस को पहले कभी नहीं देखा गया है. इस वायरस का संक्रमण दिसंबर में चीन के वुहान में शुरू हुआ था. डब्लूएचओ के मुताबिक, बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफइसके लक्षण हैं. अब तक इस वायरस को फैलने से रोकने वाला कोई टीका नहीं बना है. चीन से बाहर 18 देशों में कोरोना वायरस के 82 मामलों की पुष्टि हुई है. कोरोना वायरस के थाईलैंड में 14, जापान में 11, सिंगापुर में 10, दक्षिण कोरिया में चार, ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया में सात-सात, अमेरिका और फ्रांस में पांच-पांच , जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात में चार-चार और कनाडा में कोरोना के तीन मामलों की पुष्टि हुई है.

यह हैं इस बीमारी के लक्षण

इसके संक्रमण के फ्लस्वरूप बुखार, जुकाम, सांस लेने में तकलीफ नाक बहना और गले में खराश जैसी समस्या उत्पन्न होती हैं. यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है. इसलिए इसे लेकर बहुत सावधानी बरती जा रही है. यह वायरस दिसंबर में सबसे पहले चीन में पकड़ में आया था. इसके दूसरे देशों में पहुंच जाने की आशंका जताई जा रही है. चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है. तिब्बत को छोड़कर चीन के सभी प्रांतों से कोरोना वायरस के मामले सामने आए हैं. स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए इसे फैलने से रोकना एक बड़ी चुनौती बन गई है. दुनिया भर में कोरोना वायरस के केस लगातार सामने आने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने कोरोना वायरस को अंतर्राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया है.

यह हैं इससे बचाव के उपाय

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना वायरस से बचने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं. इनके मुताबिक, हाथों को साबुन से धोना चाहिए. अल्कोहल आधारित हैंड रब का इस्तेमाल भी किया जा सकता है. खांसते और छीकते समय नाक और मुंह रूमाल या टिश्यू पेपर से ढककर रखें. जिन व्यक्तियों में कोल्ड और फ्लू के लक्षण हों उनसे दूरी बनाकर रखें. अंडे और मांस के सेवन से बचें. जंगली जानवरों के संपर्क में आने से बचें. चीन इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है.चीन में नववर्ष की छुट्टियां बढ़ा दी गई है. इस वायरस के चलते पर्यटकों की संख्या घट सकती है. इसका सीधा असर चीन की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा. पहले ही चीन की अर्थव्यवस्था सुस्ती के दौर में है.

चीन के वैज्ञानिकों ने एक साल भर पूर्व दी थी `महामारी' फैलने की चेतावनी

चमगादड़ से फैलने वाली बीमारियों को लेकर चीन में लगातार रिसर्च चल रही है. यहां तक की चीन के वैज्ञानिकों ने एक साल पहले ही ये चेतावनी दे दी थी कि चीन में चमगादड़ के जरिए कोरोना वायरस फैल सकता है. खास बात ये है कि ये चेतावनी भी वुहान के वैज्ञानिकों ने ही जारी की थी.

एक साल पहले छपी एक रिपोर्ट में वुहान इंस्टीट्यूट ऑफवायरोलॉजी के वैज्ञानिकों ने बताया था कि चमगादड़ से फैलने वाला कोरोना वायरस का प्रकोप चीन में कहर बरपा सकता है. वैज्ञानिकों ने कहा था कि चीन का वातावरण कोरोना वायरस के फैलने में मददगार है. उन्होंने ये भी कहा था कि ये महामारी का रूप लेने वाला है लेकिन वो ये बताने में असमर्थ थे कि कब और कहां से इस वायरस का खतरा पैदा होगा. कोरोना वायरस को लेकर अलग-अलग दावेवैज्ञानिकों ने सार्स से संबंधित 50 तरह के कोरोना वायरस के चमगादड़ में पाए जाने की पुष्टि कर चुके थे. ऐसे चमगादड़ पूरे चीन में मिले थे. खासकर चीन के युन्नान प्रांत के लोगों के शरीर में सार्स कोरोना वायरस पाए गए थे. हालांकि सैंपलिंग के दौरान वायरस से संक्रमित लोगों में सांस से संबंधित किसी तरह की बीमारी नहीं मिली थी. कई देशों ने अपने नागरिकों से कोरोना प्रभावित वुहान नहीं जाने के लिए कहा है. कई देशों ने वुहान से आने वाले लोगों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है. रूस ने चीन के साथ अपने पूर्वी बॉर्डर को भी बंद कर दिया है. लगभग 18 साल पहले सार्स वायरस से भी ऐसा ही खतरा बना था. 2002-03 में सार्स की वजह से पूरी दुनिया में 700 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी. पूरी दुनिया में हजारों लोग इससे संक्रमित हुए थे. इसका असर आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ा था.



केरल में चीन से लौटे जिस छात्र में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्ट हुई है उसकी हालत स्थिर बनी हुई है. ये भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण का पहला मामला है.

केरल में कोरोना वायरस की मौजूदा स्थिति ये है -

केरल में क़रीब 1053 लोगों को निगरानी में रखा गया है, 24 सैंपल पुणे भेजे गए, 15 सैंपल निगेटिव मिले, 1 सैंपल पॉज़िटिव, सात मरीज़ भर्तीअलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है 15 लोगों का इलाज

केरल में अधिकारियों ने अलग-अलग अस्पतालों में क़रीब 15 आइसोलेशन वॉर्ड में मरीज़ों को रखा है और क़रीब 1053 लोग निगरानी के तहत हैं. चीन से फैले इस वायरस की वजह से अब तक क़रीब 170 लोगों की मौत हो चुकी है. केरल सरकार ने पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़वायरोलॉजी को 24 सैंपल भेजे थे जिसमें से एक पॉज़िटिव निकला जबकि 15 निगेटिव.



चीन के वुहान शहर से फैले कोरोना वायरस को लेकर रोज नई खबरें आ रही है. इस वायरस से फैली बीमारी को लेकर अब एक नई रिपोर्ट सामने आई है. इस रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि कोरोना वायरस चमगादड़ की वजह से फैली है. इसके पहले कहा जा रहा था कि कोरोना वायरस सांप के जरिए ह्यूमन बॉडी में आया और संक्रमण से फैलने की वजह से इसने महामारी का रूप ले लिया है. कोराना वायरस का संक्रमण एक आदमी से दूसरे आदमी में तेजी से फैलता गया. पर्यावरण और स्वास्थ्य पर काम करने वाली एक गैरसरकारी संस्था से जुड़े एक डॉक्टर ने बताया है कि अगर आप कोरोना वायरस के जेनेटिक सिक्वेंस को गौर से देखेंगे तो ये चमगादड़ के करीब दिखता है. बुधवार को चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेशन की स्टडी में भी बताया गया है कि अब तक के जो डाटा मिले हैं, उसके मुताबिक कोरोना का वायरस पहले चमगादड़ में देखा गया है. चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के एक वैज्ञानिक ने बताया है कि डाटा इस बात की ओर इशारा करता है कि चमगादड़ से कोरोना का वायरस दूसरे जानवर में फैला उसके बाद ये ह्यूमन बॉडी तक पहुंचा. हालांकि वैज्ञानिकों का ये भी कहना है कि दिसंबर महीने में वुहान के सीफूड मार्केट या कहीं और एक भी चमगादड़ बेचा या पाया नहीं गया. इस दौरान चमगादड़ हाइबरनेशन (शीतनिद्रा) में चले जाते हैं. चीन के वुहान में दिसंबर के आखिरी दिनों में सबसे पहले कोराना वायरस का पता चला था। वहीं लंदन में कोरोना वायरस पर रिसर्च कर रहे वैज्ञानिकों का कहना है कि ये अभी शुरुआती दौर है. ठीक-ठीक कुछ भी नहीं कहा जा सकता. कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि सांप और चमगादड़ दोनों में कोरोना वायरस पाए गए. दोनों में पाए गए वायरस एकजैसे थे. वही वायरस फिर ह्यूमन बॉडी में पाए गए।



त्रिशूर के अस्पताल में जांच के लिए दिए गए तीन सैंपल की रिपोर्ट आनी अभी बाकी है. एक अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बीबीसी से कहा फ्लोग समूहों में नहीं आ रहे हैं. वे अलग-अलग हवाई अड्डों पर एक-एक या दो-दो की संख्या में आ रहे हैं लेकिन अगर उनमें बुखार या संक्रमण का कोई भी लक्षण दिखाई दे रहा है तो तुरंत उन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है और फिर निगरानी में रखा जा रहा है. केरल के कई छात्र चीन में पढ़ाई कर रहे हैं. चीन के वुहान यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ़मेडिसीन में पढ़ाई कर रहे 56 छात्रों को वापस लाया जाना है. इससे एक दिन पूर्व डॉ. शैलजा ने छात्रों को वापस लाए जाने पर फ़ैसला केंद्र सरकार पर छोड़ दिया था. हालांकि इन छात्रों को चीन में पहले से ही एकांत में ठहराया गया था. एकांत में रखे जाने के पीछे कारण यह है कि वायरस संपर्क में आने पर तेज़ी से फैलता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रेम के होंठों पर

प्रेम के होंठों पर जब बसंत अपना चुंबन रखता है प्रेम की सारी पीड़ाएं बासंती हो जाती है जब मन की क्यारी में पीले सरसों खिल जाते हैं प्रेम के आलिंगन में बासंती बयार घुल जाती है नयनों में आकाश सारा जब नील हो जाता है चंचल बासंती मिलन का संदेश बन जाती है।

- अनामिका चक्रवर्ती

कभी हँसाती तो कभी

कभी हँसाती तो कभी रुलाती है ज़िन्दगानी ये कब हँसाए, ये कब रुलाए, ये किसने जानी बयान फ़ित्तरत करें तो कैसे भला हम इसकी समझ से बाहर है ज़िन्दगी की अजब कहानी।

- निलोफ निलू

खास पाती

खवाहिशो के शहर में

यूं लगता है जैसे किसी अधूरी हसरतों का वादा आकाश ने धरती से किया हो, मिलने को ... पसरा हुआ इंतजार और तड़पती आह के उस शाखों पे खिलने को... यूं लगता है लहलहाते सरसों के फूल संग धरती मुस्कुरा रही है जैसे कोई गाँव की दुलहिन सरसों संग मिल सरसो सी मुस्कुराती हो, यूं लगता है जौ मटर एक दूसरे से बतिया रहें हो, आम का मोजर, जामुन को देख, मुस्कुरा रहा हो, ओंस टांग दिया हो गुलाब गेंदा के खुशबुओं को इंतजार की डोरी पे जब वो आएगा मेरा इश्क़ इश्क़ महकेगा।

- आकाश कुशवाहा

किसी के गम में हंसना बहुत आसान है

किसी के गम में हंसना बहुत आसान है किसी के गम में साथ देना बहुत कठिन है किसी के गम में नसीहत देना बहुत आसान है किसी के गम को महसूस करना बहुत कठिन है किसी का मज़ाक़ उड़ाना बहुत आसान है किसी से अपना मज़ाक़ बनना बहुत कठिन है ये ज़िंदगी है और आसान रास्ता ही भाता है सब के दिल को।

- रमाजय शर्मा

जुबां खोलो तो,दबाया ना करो

जुबां खोलो तो,दबाया ना करो दर्द ज़खूम का,दिखाया ना करो। अपनों!गैरो में,कोई फ़र्क तो हो सबसे यूं गले,मिलाया ना करो। आंधी में चराग,जलते कब है बेवजह दीप,जलाया ना करो। 'प्रीति'किस्मत में, जो लिखा है अपना ये भेद, बताया ना करो।

-प्रीति श्रीवास्तव

उलझने हैं बहुत सुलझा लिया करता हूँ

उलझने है बहुत सुलझा लिया करता हूँ फोटो खिंचवाते वक़्त मैं अक्सर... मुस्कुरा लिया करता हूँ क्यूँ नुमाइश करूँ मैं अपने माथे पर शिकन की, मैं अक्सर मुस्कुरा के इन्हें.. मिटा दिया करता हूँ.. क्यूंकि.. जब लड़ना है खुद को खुद ही से हार-जीत में इसलिए कोई फ़र्क नहीं रखता हूँ हारूं या जीतूं कोई रंज नहीं कभी खुद को ही जिता देता हूँ कभी खुद से ही जीत जाता हूँ.....!! **- अमरजीत सिंह छाबड़ा**

अलय अनिल अयत अंबुधि चुप

अलय अनिल अयत अंबुधि चुप अम्बर- मूक संसृति , निष्फल अपने प्रयत्नों से चिंतित -विचलित,विरंचि ! हुई रागिनी न्यस्त पवन में उठी थिरकन नव-पातों में सृष्टि,तब चैतन्य हुई जब सुर-लय-ताल संजातों में । स्वरहीन सृष्टि भावहीन-सी ज्यों निस्पंद कोई पाषाण स्पंदन तुझसे मातेश्वरी ! तुझसे जीव-जगत में प्राण!!

- पंकज कुमार बसंत

मन बसंती सा हवा के इक झोंके से

मन बसंती सा हवा के इक झोंके से मचल मचल जाए ना कुछ बोले ना कुछ सुने बस यूं ही इतराए कोयल की कूक पपीहे की हूक मन को है भरमाए पीली है सरसों सुनहरी हैं बलियां धानी चुनर लहराये पीया रंग राची खुद पे इठलाती गौरी मन ही मन मुस्काये। **- सीमा भाटिया**

राहे मंजिल मेरी आसमां थी

राहे मंजिल मेरी आसमां थी , सारी ख्वाहिशें समंदर में डुबो के आया हूँ ! लोग समझाते रहे एक शब्द में है जिदगी , मै उसी शब्द (प्यार)को खो आया हूँ!

- पंकज मिश्र

लघु कथा- टार्च

बात उन दिनों की है जब मैं सातवीं या आठवीं में पढ़ता था। मेरे गाँव के बगल से एक बारात गयी थी, बारातियों में मैं भी शामिल था। उस समय बारातों के एक से अधिक दिन रुकने का चलन था, जिसे हम गाँव की भाषा में 'मरजाद' कहते हैं। वह बारात भी तीन दिन रुकी थी मुझे याद है, और याद है उसी दौरान घटी एक घटना भी। बारात के तीन दिवसीय पड़ाव के दूसरे दिन शाम को एक मेरा परिचित व्यक्ति जो मजबूत कद-काठी, व उम्र में मुझसे लगभग दो गुना बड़ा था, मुझसे सैर-सपाटे का आग्रह किया। हम दोनों निकल पड़े। अभी कुछ ही दूर निकले थे कि ताड़ के पेड़ दिखाई दिए उस व्यक्ति ने कहा 'चलो ताड़ी पीते हैं।' मैंने कहा 'मैं नहीं पीता, पर वहाँ तक चल जरूर सकता हूँ।' उसने छककर ताड़ी पी, फिर हम लोग और आगे बढ़ चले। शाम का अंधेरा बढ़ने लगा था। एक ओर से एक महिला के रोने की आवाज़ आ रही थी, उसके हाँथ में एक टार्च था जिससे तीव्र रोशनी आ रही थी। महिला करीब पहुँची और हमसे अपने मायके पहुँचाने की गुहार करने लगी। मेरे पूछने पर उसने बताया कि उसके ससुराल वालों ने उसे मार-पीट कर घर से निकल दिया है। टार्च की रोशनी में उसके नाक से निकलता खून देखकर दिल दहल गया। मैंने साथी व्यक्ति से कहा फ्चाचा! चलिए इसकी मदद करते हैं, इसे इसके मायके पहुँचा कर आते हैं।उसने पहले तो इनकार किया फिर बहुत आग्रह करने पर हामी भरी। अभी महिला के साथ हम लोग कुछ ही दूर चले थे कि एक सवारी गाड़ी आ गयी। हमने उसे गाड़ी में बैठाया और ड्राइवर से प्रार्थना की कि वह उसे सही गन्तव्य तक छोड़ दे। गाड़ी के जाते ही मेरा माथा घूम गया। महिला का वो चमकता हुआ टार्च मेरे साथी के हाँथ में था, वह बेहद खुश नज़र आ रहा था।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) भारत और विश्व इतिहास में 02 फरवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं :

1509 - भारत में दीव (गोआ, दमन और दीव) के पास पुर्तग़ाल व तुर्की के बीच युद्ध हुआ।

1556 - चीन के शैन्सी प्रांत में आये विनाशकारी भूकंप के कारण आठ लाख 30 हजार लोगों की मौत हुई।

1814 - कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) संग्रहालय की स्थापना।

1862 - शम्भूनाथ पंडित कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने।

1889 - प्रख्यात गांधीवादी स्वतंत्रता सेनानी एवं साहित्याकार राजकुमार कौर का जन्म।

1890 - अमेरिकन एक्टर चार्ल्स कोरोल का जन्म हुआ।

बस अनियंत्रित होकर पलटी, 15 यात्री घायल

बस का स्टियरिंग खराब होने से रसमड़ा-सिलोदा मोड़ पर हुआ हादसा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। खैरागढ़ से दुर्ग आ रही महिन्द्रा ट्रेव्हल्स की यात्री बस शनिवार को ग्राम रसमड़ा व सिलोदा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। जिन्हे चोंटे आने पर जिला अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया। घायलों में वंदना खंडेलवाल 29 वर्ष, रुखमणी ठाकुर 45 वर्ष, पार्वती साहू, शिवप्रताप वर्मा, हेमलता पांडेय, कुमारी साहू एवं अन्य शामिल है। जिनमें से 9 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। 4 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिसकी हालत सामान्य बताई गई है। यह हादसा बस का स्टियरिंग खराब होने की वजह से सामने आया। सीएसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि सुबह महिंद्रा की मिनी बस यात्रियों को लेकर दुर्ग की ओर रही तब यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही अंजोरा पुलिस चौकी से टीम रवाना किया गया। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

निगम की महिला सफाई कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

दुर्ग नगर निगम की एक महिला सफाई कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतका भानाबाई निषाद ग्राम नगपुरा की निवासी थी। वह वार्ड नंबर.27 में कचरा एकत्रित करने का कार्य करती थी। मिली जानकारी के मुताबिक महिला कर्मचारी भानाबाई निषाद शनिवार की सुबह ग्राम नगपुरा से आटो पर सवार होकर अपने कार्य पर पोलसाय पारा आ रही थी। इस दौरान रास्ते में बघेरा के पास स्पीड ब्रेकर में आटो अनियंत्रित हो गई। जिससे भानाबाई आटो से गिर गई। हादसे में उसे गंभीर चोंटे आने से वार्ड सुपरवाईजर चुन्नी देवांगन के मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। महिला सफाई कर्मचारी मौत की खबर पर स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर, अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी जिला अस्पताल पहुंचे। पीड़ित परिवार से मुलाकात कर निगम से मिलने वाली सहयोग को जल्द उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया। निधन पर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी।

दुर्ग-भिलाई के बैंक कर्मी हड़ताल पर

दुर्ग/भिलाई (नवप्रदेश)। पूरे भारत में बैंक कर्मचारी हड़ताल पर हैं। 1 फरवरी को भिलाई.दुर्ग में भी बैंक कर्मचारियों ने बाइक रैली निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। यह हड़ताल आरबीआई द्वारा कोई बढ़ोतरी का नया प्रस्ताव ना देने के कारण बैंक यूनियन द्वारा पूरे भारत में हड़ताल जारी हैं। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि बाकी सरकारी कर्मचारियों को जो लाभ मिलता है। उससे हमें बहुत कम लाभ प्राप्त होता है और यह लंबे समय से मांग चली आ रही है। बैंक के सभी यूनियन एक साथ हड़ताल पर हैं। बाइक रैली निकाल विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

सुप्रसिद्ध राजनैतिक विश्लेषक डॉ. वैदिक का आज आगमन

चंदूलाल की श्रद्धांजली समारोह में होंगे शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। चंदूलाल चंद्राकर विचार मंच के तत्वावधान में 02 फरवरी 2020 को कोलिहापुरी स्थित स्मृति स्थल पर स्वर्गीय चंद्राकर की 100 वीं जयंती और पच्चीसवीं पुण्यतिथि पर सुबह 10 बजे से श्रद्धांजली समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक अमित चंदूलाल चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध राजनैतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल एवं राजनीति व पत्रकारिता से जुड़े लोग उपस्थित रहेंगे।

निगम के पनघर से लापरवाही उजागर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम क्षेत्र के गौरवपथ में स्थित दादा दादी नाना नानी पार्क व समृद्धि बाजार की लगातार मिल रही जनशिकायतों को देखने पहुंचे विधायक अरुण वोरा को सब्जी व्यवसायियों ने सफाई पानी व पनघर में निगम द्वारा की जा रही लापरवाही को दिखाया जिसमें बाजार में पानी भरने मुख्य गेट के पास वाल चेम्बर में गंदे पानी का भराव व पनघर में जाती हुई मुख्य पाइप लाइन को बजबजाती नाली से जाता हुआ दिखाया। जिस गंदगी से संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। बाजार में सैकड़ों की संख्या में आमजन का आवागमन बना रहता है किन्तु निगम में लगातार शिकायत के उपरांत भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि गौरवपथ पर स्थित बाजार से निगम कार्यालय की दूरी महज 2 सौ मीटर है जिसके उपरांत भी सुविधा नहीं मिलना एक बड़ी लापरवाही को उजागर करता है। साथ ही शहर के प्रमुख उद्यान दादा दादी पार्क भी लंबे समय से उपेक्षा का शिकार हो रहा है। खेलने वाले बच्चों के झूलों से लेकर पाथवे, सुलभ शौचालय, जल कलश जर्जर हो गए हैं। मॉर्निंग वॉक करने वालो के आग्रह पर वोरा ने कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी एवं उपअभियंता जितेंद्र समैय्या व स्वास्थ्य अधिकारी को बुलाकर सार्वजनिक स्थलों का विशेष ध्यान देने व तत्काल प्रस्ताव बना सुधार करवाने कहा। उन्होंने विधायक निधि से 10 लाख की राशि से मूलभूत सुविधाओं व सौंदर्यीकरण करवाने की घोषणा की।

न्यूज गैलरी

पत्र लेखन का पुरस्कार वितरण

भिलाईनगर। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड एवं स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी के सपनों का भारत विषय पर राष्ट्रीय हिंदी पत्र लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह एफएसएनएल के प्रबंध निदेशक राजीब भट्टाचार्य के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता श्री आईपी मिश्रा श्री गंगाजली शिक्षण समिति एवं पंकज त्यागी, सहायक महाप्रबंधक, डॉ. हंसा शुक्ला प्राचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय एवं डॉ. नलिनी श्रीवास्तव एवं सरला शर्मा के विशेष आतिथ्य की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम अतिथियों ने मंगल दीप प्रज्ज्वलन कर एवं विद्यादायिनी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आज मिलन समारोह

भिलाई। छत्तीसगढ़ रेड्डी समाज भिलाई नगर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन 02 फरवरी को अम्बेडकर गार्डन सेक्टर 1 में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू गृह मंत्री, देवेंन्द्र यादव विधायक, तुलसी साहु अध्यक्षा जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

सीएम के गढ़ में भी कांग्रेस का दबदबा

जिला पंचायत के 2 पद, जनपद के 17 के अलावा सरपंच व पंच पदों पर कांग्रेस समर्थित अधिकांश प्रत्याशी जीते

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दुर्ग ब्लाक के बाद पाटन ब्लाक में भी कांग्रेस का दबदबा कायम रहा। यहां जिला पंचायत के 4 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस ने दो क्षेत्रों में जबरदस्त जीत दर्ज की, जबकि 25 सदस्यीय वाले पाटन जनपद पंचायत में कांग्रेस समर्थित 17 प्रत्याशी विजयी हुए है। भाजपा केवल 7 और निर्दलीय 1 जनपद क्षेत्र में चुनाव जीतने में सफल रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में सरपंच व पंच पद के चुनाव में कांग्रेस समर्थित अधिकांश प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए है। पाटन ब्लाक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा सांसद विजय बघेल का गढ़ होने की वजह से यहां का चुनाव काफी हाईप्रोफाइल हो गया था। जिससे यहां के चुनाव परिणाम पर दुर्ग जिले के अलावा प्रदेशभर के लोगों की नजरें टिकी हुई थी। कांग्रेस के पक्ष में आए परिणाम से कांग्रेसियों में जश्न का माहौल है। जबकि एक हफ्ते के भीतर दूसरी बार भाजपा खेमे में फिर निराशा का माहौल छा गया है। मतगणना उपरांत देर रात आए परिणामों के मुताबिक जिला पंचायत के चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक.11 से दुर्गा नेताम कांग्रेस, क्षेत्र क्र.12 से अशोक साहू कांग्रेस, क्षेत्र क्र.9 से हर्षा लोकमणी चंद्राकर भाजपा, क्षेत्र क्र.10 से मोनू साहू भाजपा ने जीत दर्ज की है। पाटन जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्र.1 से उत्तरा सोनवानी भाजपा, 2 से नीलम सिन्हा कांग्रेस, 3 से डगेश्वरी धनकर कांग्रेस, 4 से रेवती सोनकर भाजपा, 5 से रामबाई सिन्हा कांग्रेस, 6 से अंशु रजक कांग्रेस, 7. गुलाब सिंह ठाकुर कांग्रेस, 8 से त्रिवेणी बंजारे कांग्रेस, 9 से निर्मला वर्मा भाजपा, 10 से सुरेश निषाद कांग्रेस, 11 से देवेंद्र चंद्रवंशी कांग्रेस, 12 से बबलू मार्कण्डेय भाजपा, 13 से रत्ना ठाकुर कांग्रेस, 14 से खिलेश यादव निर्दलीय, 15 से कविता साहू कांग्रेस, 16 से मधु वर्मा कांग्रेस, 17 से मीरा सिन्हा कांग्रेस, 18 से दिनेश साहू कांग्रेस, 19 से योगेश्वरी साहू भाजपा, 20 से रमण टिकरिहा कांग्रेस, 21 से वंदना वर्मा कांग्रेस, 22 से रूपचंद साहू कांग्रेस, 23 से विमला कोसरे कांग्रेस, 24 से झरना यादव भाजपा, 25 से रवि सिन्हा भाजपा चुनाव जीतने में सफल रहे। आए परिणामों की अधिकृत घोषणा आज की जाएगी।

एक्सपायरी पेय पदार्थ जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने चूड़ी लाइन सुपेला, हार्डवेयर लाइन, वैशाली नगर वार्ड 14, इंदिरा चौक वार्ड 11, आकाशगंगा वार्ड 06, नेहरू चौक केम्प.1, केम्प.2 वार्ड 22 सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से उड़नदस्ता की टीम ने निगम क्षेत्र का सघन दौरा कर बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले से जुर्माना लेते हुए एक्सपायरी खाद्य पदार्थ का विक्रय करते पाए जाने पर कार्यवाही की। निगम की उड़नदस्ता टीम ने सड़क बाधा कर सामान बढ़ाकर व्यवसाय करने तथा बाजार में गंदगी फैलाने वालों का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की। निगम की उड़नदस्ता टीम ने शिवा पूजा सामग्री चूड़ी लाइन सुपेला के यहां 6 पैकेट प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास, डीएनके सुपर बाजार एवं भगवान किराना स्टोर्स सुपेला से सड़क बाधा करना, राज मसाला चूड़ी लाईन, आकाश मेटल सुपेला, संतराम गुप्ता हार्डवेयर लाइन से, केरला फ्रूट एवं सब्जी द्वारा गंदगी फैलाने पर, श्री डेली नीडस हार्डवेयर लाइन सुपेला के यहां 15 बोतल कोलड्रिंक्स बिना तिथि अंकित के पाया जिस पर कार्यवाही करते जुर्माना लिया।

लक्षचंडी महायज्ञ में आज पूर्णाहूति

जो अभिमान नही पालता वह भगवान है: नयन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भगवताचार्य राजीव नयन महाराज ने कहा कि आंख के देवता सूर्य नासिका के वायु जीभ के वरूण मन के चंद्र हाथो के इन्द्र जननेन्द्रिय के प्रजापति तथा पैरो के देवता भगवान विष्णु है। इस लिए चरण का स्पर्श किया जाता है। उन्होने कहा कि बड़ो को प्रणाम चरण छुकर किया जाना चाहिए। जवाहर नगर में श्रीमद्भागवत कथा सत्संग के अंतिम दिन राजीव नयन व संजीव नयन महाराज ने कहा कि जो सब कुछ करने के बाद अभिमान नही पालता वह भगवान है और जो करने के बाद अभिमान पालता है वह इंसान है। भगवान ने सारे संसार की रचना की मनुष्य को जीवन यापन दिया लेकिन उन्होने कभी नही कहा कि यह सब मैने किया है। मनुष्य को अभिमान से बचने का प्रयास करना चाहिए। एक प्रसंग के माध्यम से भगवताचार्य ने कहा कि यदि आपके भीतर पावर है तो दुनिया को अनूकूल कर लो। यदि पावर नही है तो दुनिया के अनूकूल हो जाओ। दुष्ट व्यक्ति मीठे बोल स्वार्थ के लिए बोलते है लेकिन संत मीठे बोल परमार्थ के लिए बोलते है। ईमानदारी से किया गया कर्म ही पूजा है। पूजा का अर्थ यह अनुभव करना है कि ईश्वर हमें देख रहा है। हमेशा पाप से बचने का प्रयास करें। इस बात का ध्यान रखें कि हमारे द्वारा किसी को कष्ट न हो। जीवन को ऊंचाईयों तक ले जाना है तो समर्पण भाव से जीवन यापन करना चाहिए। जवाहर नगर के खेल मैदान मे आयोजित लक्ष चंड़ी देवी महायज्ञ की पूर्णाहुति 2 फरवरी को सुबह 11 बजे होगी। राजीव नयन व संजीव नयन महाराज ने गुप्त नवरात्रि पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक लोगो से भाग लेने की अपील की।

काजल ने जीता फेस ऑफ फैशन ट्रेड का खिताब

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई की बेटी काजल मौर्या ने जीता फेस ऑफ फैशन ट्रेड का खिताब। वही मयंक निर्मलकर ने सभी लड़को को पछाड़ मिस्टर फैशन ट्रेड का टाइटल अपने नाम किया। भिलाई में आयोजित इस प्रतियोगिता में दुर्ग, रायपुर, राजनांदगाव समेत छग के अन्य शहरों से लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमे से 40 चयनित प्रतिभागियों ने फाइनल राउंड में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। प्रतियोगिता में भावी मॉडल्स ने ग्रुप डिस्कशन, क्वेश्चन आंसर राउंड, फोटोशूट के साथ साथ फॉर्मल ड्रेस और ट्रेडिशनल ड्रेस राउंड में अपने कला का प्रदर्शन किया। जिसमें आशीष साहू, अरुण दसन, सरिता संगहोत्रा, राहुल दसन, तोषांत एवं फैजल खान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने रैंपवॉक, कैट वॉक, पोज एंड पोस्चर के साथ साथ मॉडलिंग की अन्य बारीकियों को सीखा।

बजट मील का पत्थर साबित होगा : सत्यनारायण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ प्रदेश ने केन्द्रीय वित्त एवं कार्पोरेट मंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा संसद में वित्त वर्ष 2020.21 के केन्द्रीय बजट को उद्यमशीलता, कौशल बढ़ाने तथा रोजगारोन्मुख बजट बताया एवं निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों, महिलाओं तथा नई युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में जोड़ने वाला बताते हुए यह कहा कि वित्त मंत्री द्वारा युवा उद्यमियों को अंतिम छोर तक सुविधा एवं सहायता मुहैया कराने के लिए निवेश क्लीयरेंस प्रकोष्ठ की घोषणा एवं पीपीपी मॉडल के साथ पांच नई स्मार्ट सिटी विकसित करने का प्रस्ताव निष्चित रूप से इन्वेस्टमेंट बढ़ाने में तथा डिमांड बढ़ाने वाला साबित होगा। 3000 नए स्किल डेव्हलपमेंट सेंटर खोलने की योजना तथा 27300 करोड़ उद्योग एवं व्यापार के विकास के लिए किया गया आबंटन अभूतपूर्व है जिससे उद्योगो के क्षेत्र में तथा रोजगार बढ़ाने में सहायक होगा। प्रदेश कार्यालय प्रमुख दुर्गा प्रसाद ने भी बताया की मोबाईल फोन तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और सेमीकंडक्टर पैकेजिंग के विनिर्माण को प्रोत्साहन से इस क्षेत्र में नए उद्यमियों की रूचि बढ़ेगी और भारत को वैष्वीक स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिषन शुरू करने का प्रस्ताव भी आर्थिक जगत के लिए काफी लाभकारी होगाए विषेशकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के उद्यमियों को जिन्हें अपने उत्पादों को विक्रय करने में आ रही कठिनाईयों को भी दूर करने हेतु वित्त मंत्री द्वारा योजना का विस्तार भी सहायक सिद्ध होगा। श्री अग्रवाल ने बताया की वित्त मंत्री द्वारा कार्यान्वयन अवधि 2020.21 से 2023.24 तक चार वर्शो के लिए अनुमानित व्यय 1480 करोड़ रूपये करने की घोषणा मील का पत्थर साबित होगी।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 379/2019-20
वार्ड का नाम- रामकृष्ण परमहंस-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रामकृष्ण परमहंस स्थित मकान/ भूमि MIG-88 फेस-2 कबीर नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती श्वेता पाण्डेय पिता स्व. देवीप्रसाद शुक्ला के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती कृष्णा शुक्ला w/o स्व. देवी प्रसाद ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी टाटीबंध रायपुर में निर्मित ढांचा योजना में से भवन क्र. ढांचा-554 में श्रीमती बलविन्दर कौर मथाडू पिता/पति स्व. श्री राजेन्दर सिंग मथाडू को स्ववित्तीय/ एकमुश्त /आफर आधार पर आबंटित/नामांतरण किया गया है। उनके द्वारा दि. 31.10.18 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमती उषा देवी पति श्री हरिन्दर प्रसाद कुशवाहा के पक्ष में दिनांक 5.2.2019 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/ भूखण्ड क्रेता श्रीमती उषा देवी पति श्री हरिन्दर प्रसाद कुशवाहा के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013
Phone No. 0771-2574562, Fax :- 0771-2574579, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com
No.04-04/W/3119 Raipur, date 30.01.2020

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in three part tendering system. The unregistered contractor having similar work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below :-

Sl. No.	Tender Specification No. Rfx No.	Description	NIT value (Rs.) i/c GST 18%	EMD (Rs.)	Completion period (incl. Rainy season)
1	CEC/HTPS-KW/W/2019/349 8100016606	Annual operation of pump & valves for drinking water supply at colony complex i/c newly constructed A, B, C, D type quarters at HTPS,CSPGCL, Korba West.	14.02 Lacs	14,100/-	12 Months
2	CEC/HTPS-KW/W/2019/350 8100016607	Construction of new Battery room for DDCIMS Unit no.I (at 11M above roof of existing battery room) of Power House Building at HTPS,CSPGCL, Korba West.	15.33 Lacs	15,400/-	04 Months
3	CEC/DSPM-KE/W/2019/351 8100016613	Annual work for carpenter gang for day to day maintenance of carpentry work of CD, AB type, 100 units staff quarters and plumber gang for R&M of domestic water supply line (Internal & external) work in AB and CDEF type colony at DSPM TPS,CSPGCL, Korba East.	13.62 Lacs	13,700/-	24 Months
4	CEC/KTPS-KE/W/2019/352 8100016617	Repairing of ceiling by shotcreting work at work shop building of KTPS, CSPGCL, Korba East.	6.30 Lacs	6,300/-	01 Months
5	CEC/KTPS-KE/W/2019/353 8100016615	Metalling work of switch yard of Power House-II/III at KTPS, CSPGCL, Korba East.	7.87 Lacs	7,900/-	03 Months
6	CEC/ABVTPS-MRW/W/2019/354 8100016616	Annual work of providing plumber gang for R&M of Internal domestic line and providing of gang for day to day maintenance of carpentry works in residential & public building at colony premises at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa	7.36 Lacs	7,400/-	24Months
7	CEC/ABVTPS-MRW/W/2019/355 8100016649	Periodical cleaning work of downstream surface of earthen dam of Raw Water reservoir of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa	7.94 Lacs	8,000/-	12 Months
8	CEC/HTPS-KW/W/2019/356 8100016429	Providing & laying vitrified flooring in place of mosaic flooring in old B-type quarters (Phase-I for 20 units) at HTPS, CSPGCL, Korba West.	39.11 Lacs	39,200/-	04 Months
9	CEC/DSPM-KE/W/2019/357 8100016614	Annual maintenance and upkeep of lawn & garden, nursery, public gardens, located in different locations in colony complex at DSPM TPS, CSPGCL, Korba East.	26.57 Lacs	26,600/-	12 Months
10	CEC/DSPM-KE/W/2019/358 8100016611	Annual maintenance of masonry work for staff quarters in Zone 'A' Zone 'B' of CDEF type colony & AB type colony and 100 unit quarter at DSPM - TPS, CSPGCL, Korba East.	28.99 Lacs	29,000/-	12 Months

Cost per tender form for Sl. No.1 to 7 is Rs. 590/- & S.No. 8 to 10 is Rs. 885/-. The last date & time for submission and opening of Techno & Commercial bids are 24-02-2020 (up to 15:00 Hrs) & 24-02-2020 (at 16:00 Hrs) respectively. In case of holiday falling on due date, it will be dealt as per clause D-iv. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal **http://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj/portal**. Detailed NIT is available on web site www.cspc.co.in. **Note :- (1) Twelve Months maintenance period required for work at S.No. 2, 4, 8 & Six month for S.No. 5. (2) For Sl. No. 4 – Experience of similar nature of work is required.**

// Save Electricity // S.-24309/1 Chief Engineer (Civil) CSPGCL, Raipur

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./502/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री घनश्याम खुशालानी आ. श्री राजेश कुमार खुशालानी निवासी संतराबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/31 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./507/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री जशनलालबत्रा पिता स्व. श्री दरियानामल बत्रा निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/30 रकबा 0.012 हें/ 1310 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./501/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती शारदा बत्रा पति श्री राकेश कुमार बत्रा निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/25 रकबा 0.014 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./123/अ-20(3) वर्ष 2019-20

आवेदक श्री द्रोण ताम्रकार, सह सचिव श्री किल्ला मंदिर लोक न्यास तमेरपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी रा. दुर्ग द्वारा राजस्व ट्रस्ट प्र.क्र. 02 ब-113/2003-04 में पारिस आदेश दिनांक 27.08.2018 के परिपालन में दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रं. 44 बी, 29, 44, 61 बी क्रमसः प्लाट नं. 76, 124(1), 98 व 8 कुल रकबा 1541 वर्गमीटर भगवान श्री किल्ला मंदिर के नाम की भूमि में सरवाकार/ प्रबंधक के जगह श्री किल्ला मंदिर लोक न्यास तमेरपारा दुर्ग का नाम दर्ज किया जाए। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.02.2020 को या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी टाटीबंध रायपुर में निर्मित ढांचा योजना में से भवन क्र. ढांचा-556 में श्री बलबीर सिंग पिता श्री प्यारा सिंग को स्ववित्तीय/एकमुश्त/आफर आधार पर आबंटित/ नामांतरण किया गया है। उनके द्वारा दि. 8.4.08 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्री विश्वनाथ कुशवाहा पिता श्री हरिन्दर कुशवाहा के पक्ष में दिनांक 5.2.2019 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/ भूखण्ड क्रेता श्री विश्वनाथ कुशवाहा पिता श्री हरिन्दर कुशवाहा के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

विदाई समारोह में 33 साल की सेवा का हर खास लम्हा याद किया संभागायुक्त ने

■ संभागायुक्त दिलीप वासनीकर को सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई

राजनांदगांव। संभागायुक्त दिलीप वासनीकर 33 साल की शासकीय सेवा पूरी करने के पश्चात आज सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति को संभागायुक्त कार्यालय दुर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों ने यादगार बना दिया। शासकीय सेवा के अपने अंतिम दिन जब संभागायुक्त हमेशा की तरह साढ़े दस बजे कार्यस्थल पर पहुंचे तो आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उनके स्वागत के लिए खड़े थे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के अवसर पर इतना स्नेह मिलेगा, यह सोचा नहीं था। इस मौके पर अपनी शासकीय सेवा की यात्रा का सिंहावलोकन भी संभागायुक्त ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि डिप्टी कलेक्टर से अपनी यात्रा आरंभ कर वे संभागायुक्त के पद तक पहुंचे। वे दो विश्वविद्यालयों के कुलपति भी रहे। उन्होंने कहा कि जब कोई छात्र किसी विश्वविद्यालय से पढ़कर निकले और वहां का कुलपति बन जाए तो इससे बढ़कर उसके लिए गौरव की बात कोई नहीं होगी, अपनी शासकीय सेवा के लिए मुझे इस बात से हमेशा गौरव होता है। श्री वासनीकर ने कहा कि हर

परिस्थिति में वे शासकीय सेवा में आने वाली चुनौतियों का सामना करने खड़े रहे। उन्होंने कहा कि बस्तर में कठिन परिस्थितियों में भी अपने पद से जुड़े हुए कर्तव्यों का निर्वाह किया और ऐसी जगहों में गए जो काफी संवेदनशील थी, इस बात से बहुत आत्मसंतोष मिलता है कि आम जनता के कार्यों को करने का अवसर मिला और इसमें अपनी शतप्रतिशत क्षमता का प्रयोग भी किया। उन्होंने कहा कि इस लंबे सफर में मुझे भोपाल प्रशासन अकादमी से लेकर अब तक के वरिष्ठ अधिकारी याद आ रहे हैं जिन्होंने मार्गदर्शन दिया। विभिन्न विभागों में जैसे खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर निगम में रहकर कार्य के वैविध्य का आनंद लिया। गरियाबंद जैसे जिले में कलेक्टर के रूप में गए जो अभी-अभी बना था। शून्य से इस जिले को खड़ा करना था, यह सब याद आता है तो बड़ा अच्छा लगता है।

कलेक्टर अंकित आनंद ने इस अवसर पर कहा कि संभागायुक्त के रूप में आपसे सतत मार्गदर्शन मिलता रहा। आपने सभी विभागों के समन्वय का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया जिससे संभाग का कार्य काफी सहज हुआ। आपने अपने कार्यों से अमिट छाप छोड़ी है जो हमेशा आपके सबआर्डिनेट्स के मन में रहेगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि इसके साथ ही आप फिजिकल फिटनेस पर भी इतना जोर देते हैं। रनिंग, साइक्लिंग जैसे फिटनेस के उपाय करते रहते हैं। यह सब देखकर काफी अच्छा लगता है।

■ न्यूज गैलरी

पूर्व जनपद अध्यक्ष का साथियों सहित कांग्रेस प्रवेश

आरंग। श्रीमती पुष्पा पिंटू कुर्रे पूर्व जनपद अध्यक्ष आरंग नवनिर्वाचित जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 10 एवं प्रतिनिधि पिंटू कुर्रे तथा बड़ी संख्या में साथी सहित माननीय डॉ. शिवकुमार डहरिया जी के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वारिका साहू व बड़ी संख्या में जनपद सदस्य एवं कांग्रेश कार्यकर्ता उपस्थित रहे

कृषि उपज मंडी परिसर में लगा नया एटीएम

राजनांदगांव। कृषि उपज मंडी परिसर राजनांदगांव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का एटीएम शुरू हो गया है। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने नये एटीएम का लोकार्पण किया। यह एटीएम मंडी परिसर में स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा कार्यालय के पास ही लगा है। कलेक्टर श्री मौर्य ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नया एटीएम लगने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा कार्यालय का निरीक्षण भी किया और शाखा की कार्यप्रणाली के बारे में अधिकारियों-कर्मचारियों से जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ सुनील वर्मा, लीड बैंक मैनेजर राजनांदगांव त्रिपाठी, मंडी सचिव श्री वैष्णव, बैंक की शाखा प्रबंधक श्रीमती सविता सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

दूसरे चरण में 75.21 प्रतिशत औसत मतदान

राजनांदगांव। पंचायत आम चुनाव के दूसरे चरण में जिले के डोंगरगढ़, डोंगरगांव तथा छुरिया विकासखंड में मतदाताओं ने मतदान किया। मतदाताओं ने जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच चुनने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तीनों विकासखण्डों में कुल सात सौ सोलह मतदान केन्द्र बनाए गए थे। सभी केन्द्रों में सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ। मतदान का अंतिम समय अपरान्ह 3 बजे निर्धारित था। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ लग गई थी। युवाओं और महिलाओं में मतदान के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला।

कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने पंचायत आम चुनाव के दूसरे दौर के मतदान के दिन डोंगरगांव विकासखण्ड के ग्राम घोरदा और अर्जुनी के कुल 6 मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर मतदान का जायजा लिया। उन्होंने सभी केन्द्रों में मतदान दल के अधिकारियों-कर्मचारियों से मतदान की प्रकिया की जानकारी ली। श्री मौर्य ने मतदान प्रकिया की विभिन्न कार्रवाईयों का प्रत्यक्ष अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने यहां मतदाताओं से भी चर्चा की। कलेक्टर श्री मौर्य सबसे पहले घोरदा के प्राथमिक शाला परिसर में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 179 तथा 180 में पहुंच कर मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। मतदान केन्द्र क्रमांक 179 में सुबह 9 बजे तक 19 प्रतिशत तथा 11 बजे तक 41 प्रतिशत मतदाता वोट डाल चुके थे। मतदान केन्द्र क्रमांक 180 में भी सुबह 9 बजे तक 19 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि 11 बजे तक 44 प्रतिशत मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे।

कालोनी में गंदगी देखकर महापौर ने हाथों में थामी झाडू

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। गृह निर्माण मण्डल द्वारा वार्ड क्रमांक में दिनदयाल कालोनी का निर्माण किया गया है। उक्त कालोनी में साफ सफाई के अलावा अन्य समस्याओं को लेकर कालोनीवासियों द्वारा गृह निर्माण मण्डल के खिलाफ धरना दिया गया था। जहां संबंधित वार्ड के पार्षद गगन आईच ने कालोनीवासियों के मांग के समर्थन में अनशन किया गया। जिसकी जानकारी होते ही महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख दिनदयाल कालोनी पहुँची और पार्षद व कालोनीवासियों से मिलकर समस्या से अवगत हुई।

महापौर श्रीमती देशमुख के आते ही कालोनीवासियों द्वारा कालोनी की समस्या के अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि कालोनी की समस्या के संबंध में अनेकों बार गृह निर्माण मण्डल को ध्यान आकर्षित कराया गया। किन्तु

उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। साफ सफाई के अभाव के कारण बीमारी फैलने की आशंका बढ रही है। जिसके कारण कालोनीवासियों के द्वारा धरना प्रर्दशन अनशन किया जा रहा है। इस पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि कालोनी की समस्या का संबंधित अधिकारियों से बात कर अतिशीघ्र निराकरण करने कही और कालोनीवासियों से कही कि निगम तथा गृह निर्माण मण्डल के अधिकारियों से सयुंक्त बात कर स्थाई समाधान किया जायेगा। कालोनीवासियों की नराजगी को देखते हुये महापौर द्वारा स्वयं सफाई कर नाली से कचरा निकाला गया तथा पार्षद गगन आईच का अनशन तोडाया गया।

महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य मधुकर बंजारे, सतीश मशीह, गणेश पवार, पार्षद शरद पटेल, ऋषि शास्त्री, सत्यम सिंग, अंकुर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

एबीवीपी बेरला का ग्यारहवां युवा महोत्सव सम्पन्न

नवप्रदेश संवाददाता

बेरला/साजा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बेरला ने 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के उपलक्ष्य में युवा महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थी सम्मिलित हुए। मंचीय कार्यक्रम अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रजल्लवित कर प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम नगर उपाध्यक्ष गजेंद्र ध्रुवे ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आए हुए अतिथियों, गणमान्य नागरिकों एवं अतिथियों का स्वागत किया। नगर मंत्री पोषण निर्मलकर, जिला छात्रा प्रमुख जया यादव एवं जिला सहसंयोजक हिमांशु राजपूत ने भी विभिन्न विषयों पर उद्बोधन देते हुए छात्रों को कैसे होना चाहिए इस बात

पर जोर दिया। वही जिला संयोजक मनोज वैष्णव ने विवेकानंद जी ही परिषद के आदर्श क्यों इस बात पे अपना विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एबीवीपी के प्रदेश मंत्री शुभम जायसवाल जी ने एबीवीपी के 70 वर्षो के प्रमुख कार्यो पे प्रकाश डालते हुए युवाओं को संगठित रहने प्रेरित किया। इस महोत्सव में बेरला ब्लॉक के 108 प्रतिभावान छात्रों को भी सम्मानित किया जिन्होंने पढ़ाई से इतर अन्य प्रतिभाओं में क्षेत्र का नाम रौशन किया, इसमे हसदा विद्यालय के छात्र आकाश वर्मा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रग्बी फुटबॉल में भाग लिया, शामिल है। तत्पश्चात सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमे 18 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतोयोगिता में प्रथम स्थान शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय आनंदगाँव तथा हसदा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। साथ ही जलियावाला बाग हत्याकांड को 100 वी बरसी एवं 550 वे प्रकाश पर्व के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता भी रखी गई थी जिसमे बेरला विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। सहमंत्री मनीष, पूजा, किशन, तेजेश्वर,ताकेश्वर साहू हीरेन्द्र सिन्हा, ताकेश्वर देवांगन, सोनू साहू, बृजेश शर्मा, जतिन, योगेश यादव, डोमन, राकेश, निखिल, रोहित, अंकुश, चोवाराम, रोहित, आकाश , मिलन, निखिल,खेमराज, राधिका, दुर्गा, शारदा, निकेश, सूरज, देवेंद्र, यामिनी, जितेंद्र, केशरी, खेमराज, डोमेश्वरी, दुलेश्वरी, श्रध्दा, दीपक, हिमांषु, रवि, रिंकू साहू ,उमेश ,सूरज वर्मा ,चेतन साहू, निखिल ,ममता वर्मा ,राजेश्वरी वर्मा ,मेघा, सोनी ,कामनी ,दिव्या, पूजा यादव , भावप्रकाश, खेमराज, आदि उपस्थित थे जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

छुरिया विकासखंड के जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 में जनपद सदस्य निर्वाचन के लिए मतदान स्थगित

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने छुरिया विकासखंड के जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 में जनपद सदस्य निर्वाचन का मतदान स्थगित कर दिया है। इस क्षेत्र के जनपद सदस्य के चुनाव के लिए पंचायत आम चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होना था। कलेक्टर श्री मौर्य ने रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत निर्वाचन खण्ड छुरिया के पत्र के आधार पर यह कार्रवाई की है। पत्र के अनुसार जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 से जनपद सदस्य निर्वाचन के लिए कुल 5 उम्मीदवारों में से एक उम्मीदवार टुमेश कुमार साहू का नाम मतपत्र में मुद्रण त्रुटिवश हुमेश कुमार साहू अंकित होने के कारण प्रतीक चिन्ह आबंटन क्रम में परिवर्तन हो गया है। जिसके कारण जनपद सदस्य निर्वाचन का मतदान स्थगित कर दिया गया है। शेष पंच, सरपंच एवं जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए मतदान हुआ।

नगर पालिका आरंग की बैठक में सभी 27 प्रस्ताव स्वीकृत, ब्राम्हण पारा चौक में परशुराम की मूर्ति होगी स्थापित

आरंग। नगर पालिका परिषद आरंग में परिषद् की विशेष बैठक नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्रकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक में रखे गए 27 प्रस्तावो पर क्रमबद्ध चर्चा कर सभी प्रस्तावो को स्वीकृत प्रदान किया गया। जिन प्रस्तावो पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई वह इस प्रकार है- संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर के द्वारा स्वीकृत कार्यो की निविदा में प्राप्त न्यूनतम दरों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर के द्वारा स्वीकृत कार्यो की निविदा में प्राप्त न्यूनतम दरों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर के द्वारा स्वीकृत कार्यो की निविदा में प्राप्त न्यूनतम दरों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। नगर के विभिन्न स्थानों में ट्यबवेल खनन् कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर्व मनाये जाने के संबंध में हुवे व्यय की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई हैं। अधोसंरचना मद] राज्य प्रवर्तित एवं 14वें वित्त मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो के प्रस्ताव अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पार्षदों/एल्डरमेन से प्राप्त कर शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। 1.50 लाख तक के निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए अलग-अलग चार ग्रुप में निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। बैहार चौक ह.॥ 53 से खल्लारी माता चौक N.H 53 तक के ट्रांसफार्मर एवं विद्युत पोल शिफ्टिंग, सप्लाई एवं इन्सटालेशन कार्य (पार्ट 1 से पार्ट 5 तक) की निविदा में प्राप्त न्यूनतम दरों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। ब्राम्हण पारा चौक में परसुराम जी की मूर्ति पुनः स्थापित कराये जानेकी स्वीकृति प्रदान की गई हैं। पेयजल/सफाई व्यवस्था हेतु सामग्री क्रय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। पंप मरम्त कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत प्राप्त प्रात्र आवेदनो की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। नामांतरण प्रकरणों हेतु प्राप्त 25 प्रकरणों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। निकाय में सहायक अभियंता का साख्येंतर पद हेतु प्रस्ताव बना कर शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। सी.एम.ओ एवं अभियंता आवास निर्माण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव बना कर शासन को प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया।

ईडी मेश्राम ने अधिकारियों की बैठक लेकर की विभागीय कार्यो की समीक्षा

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम ने पारीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रषासनिक भवन में राजनांदगांव एवं कवर्धा वृत्त के अधीक्षण अभियंता एवं सभी संभागों के कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर राजनांदगांव क्षेत्रान्तर्गत विद्युत विकास कार्यो की प्रगति पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होने मीटिंग एजेण्डा के अनुरूप बकाया राजस्व राषि वसुली, उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबरों के अपडेषन की स्थिति, डिस्ट्रीब्यूषन एवं एटीएण्डसी लॉस, स्टॉप डिफेक्टिव मीटर रिप्लेसमेंट, एसेसमेन्ट केस, फोटो स्पॉट बीलिंग, नेगेटिंव बिलिंग, उपसंभाग की कार्यप्रणाली, लाइन विच्छेदन एवं अन्य विभागीय कार्यो पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर विभिन्न लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता मेश्राम ने अधिकारियों से कहा कि लाइस लॉस को कम करने, राजस्व वसूली तथा अन्य विभागीय कार्यों में कोताही ना बरती जाए तथा निर्बाध विद्युत प्रदाय सुनिष्चित किया जाये।

सृजन सोनकर विद्यालय में स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव संपन्न

आरंग। स्थानीय सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव व स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना से प्रारंभ

हुआ। जिसके पश्चात केजी वन से 12वीं तक के विद्यार्थियों का कार्यक्रम आगे बढ़ा इस गरिमामय अवसर के मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्रकार ,विशिष्ट अतिथि नरसिंह साहू उपाध्यक्ष, दीक्षा सूरज सोनकर ,कोमल साहू,अब्दुल कादिर, एल्डरमैन मंगलमूर्ति अग्रवाल, सतीश चंद्राकर सहित समस्त पार्षद गण उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव के अवसर पर आंचलिक लोकगीतों पर बच्चों ने जमकर अपना अभिनय प्रस्तुत किया कर्मा, ददरिया, सुआ ,पंथी, राउत नाचा, होली गरबा ,डांडिया, घूमर के साथ विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य किए। छुबे झन फूलवा ला, ए गुइया ए गुइया रे ,डोंगरी मा आबे, हमर पारा तुहर पारा , तोड़ा गाढ़ा गाढ़ा जोहार, नव दुर्गा रूप दर्शन, नरवा गरवा घुरवा बारी, गणेशावतार आदि नृत्यों ने समा बांध दिए साथ ही सभी गीतों में बच्चों ने खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया, जिसमें कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चि. राहुल पटेल पिता श्री देव कुमार पटेल को रजत पदक, द्वितीय कुमारी सुषमा साहू पिता विष्णु राम साहू ,12वीं में कुमारी चंद्रकांता निषाद पिता संतोष कुमार निषाद प्रथम, चि. निखिल सैनिक पिता श्री चंदन सैनिक द्वितीय, वाणिज्य संकाय में कुमारी पद्मिनी साहू पिता श्री भागीरथी साहू प्रथम, एकता देवांगन पिता श्री दिलीप कुमार देवांगन,ज्योति निषाद पिता लक्ष्मण निषाद द्वितीय को रजत पदक प्रदान किया गया।

भागवत कथा | ग्राम कोंगियाकला (साजा) में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन

श्रीकृष्ण से बड़ा कोई मित्र नहीं : दीदी सविताजी

साजा। ग्राम कोंगियाकला (साजा) में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस की कथा में कथा प्रवक्ता दीदी सविता गोस्वामी जी ने भगवान श्री कृष्ण के रुकमणी जी के साथ मंगल विवाह का विस्तार से वर्णन किया कथा प्रसंग में गोस्वामी जी ने श्री कृष्ण के सुंदर अष्ट पट रानियों के संदर्भ की बृहद व्याख्या किया और इनकी 16108 विवाह के गुणों के बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया आगे बलराम जी के विवाह का वर्णन किया आगे कथाओं में श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त श्री सुदामा जी के मार्मिक प्रसंग का बहुत ही सुंदर और विस्तार से वर्णन करते हुए दीदी जी

ने कहा कि श्री सुदामा जी प्रशांत आत्मा अर्थात सुदामा जी केवल शांत ही नहीं है अपितु आती शांत है वे स्वयं द्वारिकाधीश के बालमित्र थे परिवारिक जीवन चर्या में अनेक कमियां होते हुए भी उन्होंने किसी प्रकार की शिकायत नहीं की अपनी पत्नी सुशीला के निवेदन पर सुदामा जी द्वारिका आ गए भगवान से मिलने वहां पहुंचने पर श्री कृष्ण जी उनको प्रणाम सम्मान दिया उनके द्वारा लाए हुए तंदुल की दो मुट्ठी खाकर उन्हें अपने जैसा धनवान बना दिया रुकमणी जी के कहने पर भगवान ने तीसरी मुट्ठी चावल को नहीं खाया अंत में श्री कृष्ण चंद्र जी ने ससम्मान उन्हें विदा किया तत्पश्चात दीदी जी ने भागवत धर्म क्या है, भागवत कर्म क्या है,भागवत जीवन क्या है आदि अनेक उपदेशात्मक चरित्रों का विस्तार से वर्णन किया अंत में उन्होंने कहा कि जो मनुष्य किसी भी कारण से 6 दिन तक कथा श्रवण नहीं कर पाता वह व्यक्ति अंतिम दिन की कथा का श्रवण कर पूर्ण पुण्य लाभ प्राप्त कर सकता है। इस कथा के यजमान श्री दुखी राम साहू एवं उनके पूरे परिवार एवम कोंगियाकला के समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से इस कथा का विशाल आयोजन किया जा रहा है इस कथा का आस्था भजन चैनल के माध्यम से दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक दिनांक 25 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रसारण किया गया जिसे सुनने अपार श्रद्धालु गण उपस्थित होकर खूब आनन्दित हुए।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विवेक सुरेश मिरानी (VIVEK SURESH MIRANI) S/O सुरेश मिरानी (SURESH MIRANI) निवासी मं नं. ए 84 वार्ड नं. 45, मुक्तगिरी कालोनी कौरिनभाटा राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम विवेक मिरानी (VIVEK MIRANI) S/O सुरेश मिरानी (SURESH MIRANI) रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम विवेक मिरानी (VIVEK MIRANI) S/O सुरेश मिरानी (SURESH MIRANI) से ही जाना पहचाना जावे।

विवेक मिरानी
मं नं. ए 84 वार्ड नं. 45, मुक्तगिरी कालोनी कौरिनभाटा राजनांदगांव (छ.ग.)

डेढ़ दशक बाद होगा संरपच चुनने मतदान

■ आरक्षण के चलते तीन पंचवर्षीय निर्विरोध संरपच

नवप्रदेश संवाददाता

साजा। पंचायत चुनाव के मतदान को अब शेष दो दिन बचे है प्रचार पूरे उफान पर है संरपच पंच जनपद से लेकर जिला पंचायत के प्रत्याशी मतदाताओ के बीच समर्थको के साथ दस्तक देते नजर आ रहे है कई पंचायतो मे मतदान को लेकर भारी गहमागहमी है ग्राम पंचायत भरदा कला के लिये ये चुनाव खास है ' क्योकि इस पंचायत मे 15 वर्षा बाद मतदाता संरपच चुनेगे तीन पंचवर्षीय से लगातार आरक्षण के चलते संरपंच निर्विराध चुने गये पहली बार 2005 मे अनु जन जाति आरक्षण के चलते आश्रित ग्राम इमलीडीह के ठाकुर राम धुव्र ग्राम मुखिया का पद संभाला उसके बाद एक दशक तक अनु जाति आरक्षण के चलते श्रीमती पंचबती बाई सिवारे संरपंच बनी 15 वर्षो के इंतजार के बाद पिछडा वर्ग के लिये लाट निकला लंबे समय बाद संरपंच के लिये मौका मिलने पर सात प्रत्याशी मैदान मे आ गये 1600 मतदाताओ वाली ग्राम पंचायत भरदा मे युवाओ की भरमार है 15 वर्षो के वनवास के बाद संरपच चुनाव के लिये बेताब दावेदारो ने मैदान मे ताल ठोकी मतदान को लेकर ग्रमीणो मे भारी उत्साह नजर आ रहा है इस पंचायत का नक्शा भी ऐसा है कि प्रत्याशीयो को वोट के लिये लंबा रास्ता तय करना पडता है पंचायत का 14 नबर वार्ड ग्राम पंचायत मुसवाडीह मे आता है जो कि पंचायत से तीन कि मी दूर है वही आश्रित ग्राम भी दो कि मी दूर है ग्रामीणो के मुताबिक अंतिम बार यंहा वर्ष 2000 मे राजेश सिह चंदेल निर्वाचित होकर संरपच बने थे

कृषि मंत्री पहली बार गृह ग्राम में करेंगे सरपंच के लिए मतदान

कृषि मंत्री के गृह ग्राम मे भी पहली बार संरपच के लिये मतदान होगा `ग्राम पंचायत मौहाभाठा के गठन के बाद दूसरा चुनाव है लेकिन पहली बार संरपंच के लिये मतदान होगा इसके पूर्व वर्ष 2014 15 आरक्षण के चलते निर्विरोध हो गया था मौहाभाठा के ग्रामीण एक दशक तक आरक्षण मे निर्विरोध चयन के चलते संरपंच के लिये मतदान नही कर पाये थे दस वर्ष पूर्व अविभाजित मोहगांव पंचायत के आश्रित ग्राम के रुप मे आरक्षण के चलते निर्विरोध संरपच चुना गया उसके बाद नवीन पंचायत के रुप मे दर्जा पा चुके ग्राम पंचायत मौहाभाटा मे अनु जाति आरक्षण के कारण निर्विरोध हो गया लबे इंतजार के बाद मंत्री के गांव की मुखिया की दौड मे तीन प्रत्याशी मैदान मे है प्रदेश के कृषि मंत्री अपने गृह ग्राम के प्रथम निर्वाचित संरपंच के लिये मतदान करेगे

■ न्यूज गैलरी

खरोरा का नाम किया रोशन

खरोरा। डॉ अशोक कुमार देवांगन पिता समारू राम देवांगन केशला के रहने वाले है ,जिन्हीने अपनी हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी की शिक्षा भरत देवांगन शासकिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में प्राप्त की । व हृ.ढ्ढ.ञ्ज रायपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के पश्चात ढ्ढ.ढ्ढ.ञ्ज रुढ़की में क्क॥.ष्ठ की डिग्री हासिल की डॉ अशोक कुमार देवांगन रॉयल टेलर्स का छोटा भाई है

लोधी पारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम

आरंग। स्नेह सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन लोधी समाज भवन लोधी पारा आरंग में शाम 07 बजे रखा गया है जिसके मुख्य अतिथि चंद्रशेखर चंद्राकर जी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग अध्यक्षता सूरज लोधी अध्यक्ष लोधी समाज आरंग व पार्षद वार्ड क्र. 04 विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा नरेंद्र लोधी पार्षद वार्ड03 श्रीमती ममता शर्मा पार्षद वार्ड 10 श्री राम मोहन लोधी पार्षद वार्ड02 श्री बिजेंद्र लोधी एल्डरमैन श्री शैलेश लोधी सचिव लोधी समाज जी उपस्थित रहेंगे उक्त जानकारी सूरज लोधी अध्यक्ष लोधी समाज आरंग द्वारा दी गई

2 दिन से बैंक रहे बंद

भाटापारा । मुख्य श्रम आयुक्त श्रम मंत्रालय भारत सरकार व्दारा दिनांक 27 जनवरी 2020 को दिल्ली स्थित कार्यालय में आमंत्रित कर समाधान वार्ता का आयोजन किया गया समाधान वार्ता के दौरान भारतीय बैंक संघ आई बी ए ने अपना अडिग एवं कठोर नजरिया दर्शाया और इसलिये स्थिति में किसी तरह का सुधार नही हुआ , जिसके तहत अन्य कोई विकल्प नही होने पर यूनाईटेड फोरम आफ बैंक यूनियन अपनी 12 सूत्रीय मांगो को मनवाने हेतु आंदोलन हेतु बाध्य होते हुये दिनांक 31 जनवरी से 01 फरवरी तक बैंक बंद होने के कारण ,कई प्रकार के काम काज प्रभावित हुये तथा बैंक के बंद होने से आम जीवन प्रभावित हुये ।

8 फरवरी को नि शुल्क नेत्र शिविर

भाटापारा। नगर की सामाजिक संस्था उत्तरायण व्दारा आगामी 8 फरवरी 2020 दिन शनिवार को श्रीराम नाम सप्ताह मंडप में प्रातः 10 से शाम 05 बजे तक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उदयाचल राजनांदगांव के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सको व्दारा नेत्रो की जाचं की जावेगी पश्चात संस्था व्दारा जरूरतमंदो को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जायेगा । शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शिवरतनशर्मा करेगें एवं कार्यक्रम की सुनीता गुप्ता पालिका अध्यक्ष भाटापारा करेगी । उत्तरायण के अध्यक्ष घनश्याम पुरोहित ने लोगो से नेत्र शिविर का लाभ उठाने का आग्रह करते हुए कहा है कि वे अपना अग्रीम पंजीयन नंदकिशोर भटटर शिवम जैन मंदिर के सामने तथा रमेश गुप्ता फैन्सी बर्तन भंडार रामसप्ताह चौक में करा सकते है ।

खेत से पंप और वायर चोरी

महासमुंद। ग्राम बेमचा में खेत से पंप चोरी होने की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बेमचा निवासी आकाश चंद्राकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके चाचा के खेत में शासकीय अनुदान से तीन एचपी का पंप लगाया था। रबी फसल की सिंचाई के लिए के लिए जब 15 जनवरी को पंप चालू करने के लिए खेत गया तो, देखा कि सोलर पंप का पाइप खेत में बिखरा पड़ा था। खेत में लगे पंप एवं केबल वायर नहीं थे। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति आरी ब्लेड से काट-काट कर टुकड़े-टुकड़े कर पाइप को खेत में छोड़ दिया था और पंप एवं केबल वायर को चोरी कर ले गया।

काम नहीं करने पर मारपीट

महासमुंद। काम नहीं करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना खल्लारी थाना क्षेत्र के खट्टी की है। पीड़ित ईश्वर निषाद पिता श्यामलाल निषाद (32) ने पुलिस को बताया है कि गांव के उत्तम सतनामी ने उसके साथ हमाली के लिए एडवांस रूपए लेने के बाद भी मजदूरी नहीं करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

चार हजार लीटर शराब बरामद

महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने गुरुवार को नर्रा वन जांच चौकी के पास नवाडीह मुड़पार निवासी गौरसिंह पिता नेहरू ठाकुर और पप्पू ठाकुर पिता चंद्रभान ठाकुर को शराब परिवहन करते पकड़ा। पुलिस ने दोनों युवक से चार हजार लीटर ओड़िशा निर्मित जेबरा छाप शराब के साथ बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएफ4449 को जब्त कर आबकारी एक्ट 34(ए) के तहत कार्रवाई की।

निधन

सृजन तिवारी

रायपुर। बीएसपी में कार्यरत इंजीनियर सुजीत तिवारी (जमघट वाले) के सुपुत्र सृजन तिवारी (23 वर्ष) का निधन शनिवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 11.30 बजे चंगोराभाटा स्थित निवास से महादेव घाट के लिए निकलेगी । वे इंजीनियर सुबोध तिवारी ,जयंत और हेमंत के भतीजे एवं समृद्धि के भाई थे।

बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानने की जरूरत

■ देव संस्कृति विद्यालय में वार्षिकोत्सव

महासमुंद। बच्चों में शिक्षा के साथ ही नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने का काम देव संस्कृति विद्यालय द्वारा किया जाता है। साथ ही बच्चों को समाज और देश के प्रति क्या जिम्मेदारी है इसकी भी शिक्षा देने की महती भूमिका निभाने का काम इस विद्यालय द्वारा किया जा रहा है। विद्यालय के शिक्षक बधाई के पात्र हैं। उक्त बातें देव संस्कृति विद्यालय के वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कही। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य है। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा पालक बच्चों को रेस में दौडऩे की बजाए बच्चों में छुपी प्रतिभा को पहचानें क्योंकि प्रत्येक बच्चों में प्रतिभा होती है।

वार्षिकोत्सव में बतौर अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने कहा देव संस्कृति विद्यालय के गुरुजनों ने बच्चों को जो संस्कार दिया है, इससे प्रमाणित होता है कि आज इस विद्यालय में बच्चों की संख्या 7 सौ पहुंच गई है। उन्होंने आगे कहा कि जब कभी भी इस विद्यालय को मेरी आवश्यकता होगी मैं सदेव तत्पर रहुंगा। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

तीन वार्डों में सीसी रोड के लिए भूमिपूजन

महासमुंद। शहर के विकास को गति देते हुए विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर एवं नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने गुरुवार को 3 अलग-अलग वार्डों में 13.78 लाख रुपए से कांक्रीटीकरण सड़क हेतु भूमिपूजन किया। विधायक और नपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि शहर का विकास करना ही जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी है। पालिका आम जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का काम करती है। इस दौरान नपाध्यक्ष चंद्राकर ने इंजीनियर से कांक्रीटीकरण सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने और नियमित रूप से मानिटरिंग करने कहा है। जिससे कि सड़क की गुणवत्ता प्रभावित न हो। इस दौरान नया मछली मार्केट के पास आदिवासी समाज के भवन से लगी नाली में मुर्गा, मटन कटिंग के बाद गंदगी को नाली में फेंके जाने की शिकायत पर नपाध्यक्ष चंद्राकर ने लोगों को समझाइश देने कहा। नपाध्यक्ष ने कहा लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराया जाए। पश्चात न मानने वालों पर कार्रवाही की जाए।

केन्द्रीय बजट किसान जवान एवं महिलाओं के लिए समर्पित : सत्यनारायण पटेल

कसडोल। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दूसरे बजट में जो कुछ बड़े ऐलान हुए उनमें, शिक्षा के क्षेत्र में एफडीआई और बीमा क्षेत्र में एफडीआई भी अहम कदम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2020-21 का बजट लोकसभा में पेश किया।सत्यनारायण पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो ने कहा की इस बजट में जहां सर्विस क्लास को इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी गई है वहीं किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए भी कई बड़े ऐलान किए गए हैं। जिससे परिलक्षित होता है कि ये बजट किसान, जवान एवं महिलाओं के लिए समर्पित है। सरकार ने इनकम टैक्स स्लैब की में बड़े बदलाव करते हुए 5 लाख सालना आय वाले लोगों को कर से मुक्त कर दिया है। पहले यह सीमा केवल 2.5 लाख सालना आय वालों के लिए थी।

यह आम बजट देश के अन्नदाता किसान को सिंचाई और अनाज भंडारण के लिए विशेष योजनाओं के साथ-साथ उनके उत्पाद का उचित दाम उपलब्ध कराकर किसान की आय दोगुना करने के मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस बजट से किसान रेल और किसान उड़ान योजना के द्वारा हमारे किसान भाई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार से जुड़ेंगे और उनके उत्पाद बिना सड़े-गले सही वक़्त पर बेहतर दाम में बिक पाएंगे। यह योजना विशेष रूप से फल व सब्जी उत्पादनकर्ता खासकर हमारे आदिवासी और उत्तर पूर्व के किसानों को लाभ पहुंचाएगी।

दिलचस्प हो रहा पंचायत चुनाव, दिग्गज होंगे आमने-सामने

बोड़ला। जनपद पंचायत क्षेत्र बोडला में चुनावी घमासान चरम पर है। ग्रामों में ध्वनि विस्तारक यंत्रो के साथ गाडियां दौडाई जा रही है। कल होने वाले मतदान के लिए प्रत्याषियों एंव उनके समर्थको ने अपनी ताकत झोंक दिया है।

बोड़ला मे जिला पंचायत सदस्य के 4 क्षेत्र है। जहां क्षेत्र क्रमांक 06 से भाजपा के विदेशीराम धुर्वे तथा वर्तमान जनपद सदस्य मुखीराम मरकाम कांग्रेस से उम्मीदवार है। क्षेत्र क्रमांक 07 से भाजपा के निलेष व कांग्रेस के रामकुमार पटेल मैदान मे है। क्षेत्र क्रमांक 05 से दिलचस्प मुकाबले मे त्रिकोणीय संघर्ष नजर आ रहा है।यहां से कांग्रेस ने पितांबर वर्मा को अधिकृत किया है। भाजपा ने अपने कार्यकर्ता मनीराम साहू को उतारा है वहीं कांग्रेस के तुकाराम चन्द्रवंषी बगावत कर अपनी चुनौती प्रस्तुत किया है। जनपद पंचायत के 25 सदस्यो के निर्वाचन मे 98 प्रत्याषी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमा रहे है।

आनंद मेला का आयोजन

कवर्धा। शनिवार को शास प्राथमिक शाला खैरझिटी संकुल पंडरिया मे आनन्द मेला का आयोजन किया गया है जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजन भजिया,मिर्ची भजिया, मुगोडी, ब्रेड पकौड़ा ,आलू भजिया, गुप-चुप,चाट,भेल,गुलाब जामुन बनाये जिसे लोगों द्वारा जमकर लजीज व्यंजन का भरपूर आनंद उठाया उक्त अवसर पर संस्था के प्रधानपाठक चेतन साहू, उषा खराशु, पवन निर्मलकर, दुर्गेश्वरी साहू,नंद कुमार शर्मा ,रसोइया कुमारी बाई,सफुरा यादव, सफाई कर्मचारी उपस्थित थे ।

बिजली बिल का नहीं किया भुगतान, तो कांटे जाएंगे कनेक्शन

कवर्धा। एक दिवसीय दौरे पर कवर्धा पहुंचे छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के.मेश्राम ने बकाया राजस्व वसुल, कन्ज्यूमर टैगिंग,स्पॉट बिलिंग, उपसंभाग की कार्यप्रणाली बकाया राषि वालने उपभोक्ताओं के कनेक्षन व लाइन विच्छेदन सहित अन्य विभागीय कार्यो की प्रगति को लेकर जिले के फिल्ड अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली तथा विभिन्न लक्ष्यो को पूरा करने के निर्देष दिये।

आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच करने पहुंचे अध्यक्ष अनिल

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। नगर अध्यक्ष अनिल सोनी ,रश्मि वर्मा पार्षद वार्ड क्रमांक 6 , महिला एवं बाल कल्याण विभाग,पार्षद पति वार्ड क्रमांक 4 भूपेंद्र सेन, पूर्व पार्षद पप्पू अमलानी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश यादव ,यशवंत वर्मा समेत पहुंचे आँगन बाड़ी केंद्र व लिया जायजा । जहाँ खरोरा नगर के सभी आँगन बाड़ी के सदशयो को बुलाकर अध्यक्ष

अनिल सोनी द्वारा खाद्य सामग्री वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो इसका आदेश दिया गया ।

मासिक बैठक सम्पन्न

कवर्धा। शुक्रवार को संकुल कोयलारी मे मासिक बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें डक्ड, सोयामिल्क, सोयाबडी, आयरन दवा, रसोइया, स्वीपर उपस्थित, प्रपत्र संकलन ,शाला के रंगरोदन ,छात्रवृत्ति आदि विषयों पर चर्चा किया गया है ।उक्त अवसर पर संकुल प्रभारी भरत तिवारी प्रधानपाठक नंद कुमार शर्मा, वीरेन्द्र चंद्रवंशी, मदन चन्द्राकर, तोष राम पटेल, श्रीमति मोहनी साहू , मोहनीश यदु, दिनेश लाझियाना,चितरंजन शिवाने, लोमश कुमार (कुआँ) के साथ साथ बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे ।

गणितज्ञ रामानुजन व वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रमन की स्मृति में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

महासमुन्द। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा विज्ञान एवं गणित की लोकप्रियता बढ़ाने के लिये भारत के महान गणितज्ञ श्री श्रीनिवास रामानुजन एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रमन की जीवनी पर आधारित पहेली (गणित/विज्ञान), पोस्टर, रंगोली, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन विद्यालय एवं महाविद्यालाय स्तर पर 31 जनवरी 2020 को शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुन्द में

कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन में किया गया। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नेहा कपूर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता साइन्टिस्ट ÷डी÷ छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, रायपुर डॉ.जे.के.राय के द्वारा प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विज्ञान एवं गणित विषय के प्रति अभिरूचि जागृत कर नये नये नवाचार प्रस्तुत करने तथा भविष्य में विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित विषय के संबंध में किए जाने वाले नये नये योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुये अधिक से अधिक छात्र, छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

स्वामी करपात्रीजी विद्यालय में रंगारंग वार्षिकोत्सव सम्पन्न

कवर्धा। स्वामी करपात्रीजी विद्यालय का एक गौरवषाली इतिहास रहा है और आज भी षिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय अग्रणी है। स्वामी करपात्रीजी षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन एंव पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि षर्मा ने अभिव्यक्त किये। जहां एक एनसीसी कैडेट के रूप में उन्होने जो अनुषासन की सीख पायी है वह आज भी उनके जीवन में प्रभावी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस के पूर्व प्रदेष सचिव कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि किसी न किसी की प्रेरणा से ही जीवन में प्रगति होती है चाहे माता-पिता हो अथवा षिक्षक। इस विद्यालय की गरिमा आज भी पूर्ववत है।

चुनावी प्रचार पूर्व मुख्यमंत्री बोले- 67 सीट जिताकर शेर बनाने वाली जनता को मुसवा बनाने का मंत्र भी मालूम है

सरकार ने 13-14 माह में दिया सिर्फ धोखा, जनता सबक सिखाने के लिए तैयार -डॉ रमन सिंह

कवर्धा। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 के प्रत्याशी सुशीला रामकुमार भट्ट के लिए ग्राम पंचायत कुन्डा में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया वहीँ जिला पँचायत क्षेत्र क्रमांक 04 के भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रामकुमार भट्ट के लिए ग्राम रुसे , पलांनसरी एवं मोहगांव में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर भाजपा के अधिकृत प्रत्याषी के पक्ष में प्रचार किया ।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा 13 - 14 महीने के भुपेश सरकार

ने जनता को सिर्फ और सिर्फ धोखा देने का काम किया है। 2500 रुपये में धान खरीदी की बात करने वाले भुपेश सरकार ने किसान के अपने मेहनत से खून पसीने से उपजाये दाना - दाना धान बेचने के लिए तरसाया है अब जनता एक एक वोट के लिए इनको तरसा देगी । उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ अब अपराध का गढ़ बनता जा रहा है जगह जगह चोरी, लूट, हत्या, किडनैपिंग की वारदात पूरे प्रदेश में बढ़ी है । इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ होगा की पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाय किसान को पकड़ने घूम रही है । हमारे 15 सालों में कभी ऐसा नही हुआ ।काँग्रेस ने सत्ता पाने के लिए बेरोजगारी भत्ता,निराश्रित पेंशन, गन्ना बोनस,जैसे अनेको वादे अपने घोषणा पत्र में किये पर एक भी वादे पूरे नही कर पाये । वहीं उन्होंने अपने कार्यकाल में इन ग्रामों में हुए विकास कार्यो की चर्चा करते हुए बताया की 20 साल पहले रुसे,मोहगांव ,पलांनसरी आने के लिए कही सड़क नही था इन 15 सालों के विकास देखते बनता प्रत्येक गाँव अब शहर से जुड़ चुका है । विकास से इस सरकार को कोई सरोकार नही है । 'उन्होने भुपेश बघेल पर चुटकी लेते हुए कहा नरवा, घुरवा , गरुवा ,बारी एखर ले ज्यादा भुपेश ल कुछु नई आए संगवारी । साधु का कहानी बताते हुए कहा मोला मालूम हे जनता के दे 67 सीट पाके जेन बड़ा शेर समझत हे त शेर ल मुसवा बनाये के मंत्र भी किसान अउ जनता ल मालूम है'

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनिल सिंह,पूर्व विधायक मोतीराम चन्द्रवंशी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा, गोपाल साहू, अजित चन्द्रवंशी, परमेश्वर चन्द्रवंशी, चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, मुकेश ठाकुर, कैलाश चन्द्रवंशी,दिनेश मिश्रा, योगेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवँ रुसे, पलांनसरी,मोहगांव ,कुन्डा के ग्रामीण उपस्थित थे ।

मेसेज सेंड करते ही खाते से 12 हजार पार

- बचेली में सामने आया ठगी का मामला
- ऐप से ऑनलाइन पेमेंट करना पड़ा महंगा

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली में ऑनलाइन ठगी का एक नया ही मामला प्रकाश में आया है। दरसल महेंद्र ने फोन पे से पेमेंट करने के लिए एप्लिकेशन को इस्तेमाल किया तभी एक ऑफर का लिंक स्क्रीन में आया जिसमे फोन पे के ऑफर के बारे में बताया गया। उसी समय किसी ने महेंद्र को फोन किया कि आपको लिंक क्लिक करके उसमें आपको एक मैसेज आएगा उसे सेंड करना है। महेंद्र ने लिंक क्लिक किया उसके बाद उसमें एक मैसेज आया जिसे वापस सेंड किया जाना बताया गया जैसे ही उसने मेसेज को सेंड किया इससे पहले महेंद्र को कुछ समझ आता फोन पे के खाते से 12000 रुपये पार कर लिए गए। महेंद्र हताश होकर बैंक गए एवं में अपना अकाउंट भी लॉक करवा दिया। साथ ही पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी शील आदित्य सिंह के मुताबिक पीड़ित के द्वारा लिखित शिकायत की गई है मामला साइबर क्राइम के तहत है जांच उपरांत कार्यवाही जल्द की जाएगी।

प्रज्ञा ने वैश्विक लक्ष्य सम्मेलन में लिया हिस्सा

महासमुंद। स्थानीय नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा समन्वयक एवं संयुक्त राष्ट्र संघ स्वयं सेवक प्रज्ञा पांडे ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक लक्ष्य सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित 56 देशों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भारत से 6 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए वैश्विक सौहार्द्र, भाईचारा, वैश्विक विकास में सहयोग करने के लिए तत्पर रहने की शपथ ली।

लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने किया प्रेरित

महासमुंद। स्थानीय ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व. नीलकंठ राव साकरकर उमावि तथा पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल में संयुक्त रूप से बसंती पंचमीं मनाई गई। मां सरस्वती की पूजन के बाद संस्था अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान की देवी हैं। हमें अपने विद्यार्थी जीवन में मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए और जीवन का लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए। अंत में विद्यार्थी, शिक्षकगण व उपस्थितजनों के सरस्वती वंदना और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

चर्म रोग और एण्डोस्कोपी जांच कल

महासमुंद। स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में दो फरवरी दिन रविवार को दोपहर तीन से शाम छह बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ एमबीबीएस, एमडी विनोद कोसले स्कीन केयर क्लीनिक रायपुर अपनी सेवाएं देंगे।

पूर्व विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डॉ.विमल चोपड़ा ने कौंवाझर, कुहरी, बांसकुड़ा पट्टी नंबर-एक व दो में लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। वनाधिकार पट्टा प्राप्त कुहरी क्षेत्र के किसानों ने बताया कि वन एवं राजस्व विभाग की लापरवाही की वजह से उन्हें केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सम्मान निधि के लिए वन एवं राजस्व विभाग एक-दूसरे का रास्ता दिखाकर हितग्राहियों को परेशान कर रहे हैं। बांसकुड़ा पट्टी नंबर-2 में चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों बाद उनके गांव में पीने की पानी की समस्या दो वर्ष पूर्ण समाप्त हुई है। अन्यथा उन्हें कुहरी पानी लाना पड़ता था। लेकिन, नए बोर एवं सोलर प्लांट की वजह से गांव में यह समस्या दूर हुई लेकिन, सड़क की समस्या अभी भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने हाथियों की समस्या पर वन विभाग, राजस्व विभाग एवं शासन द्वारा ध्यान नहीं देने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए मुआवजा बढ़ाने की मांग की। चारों गांव के ग्रामीणों ने धान खरीदी की व्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि सरकार के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार लोग भी किसी प्रकार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टर चोपड़ा ने किसानों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं के हल के लिए शीघ्र शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

जेसीस कान्वेन्ट में स्नेह सम्मेलन संपन्न

भाटापारा। जेसीस कान्वेंट हायर सेंकेण्डरी स्कूल में 33 वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथी के रूप में नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता थी जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाटापारा जेसीस समिति के अध्यक्ष बी राघव राव ने की । प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सत्र 2018-19 के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । इस सत्र के बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड 12 वीं के छात्र विशाल गुप्ता को प्रदान किया गया । अतिथीयो के स्वागत के पश्चात जेसीस कान्वेंट की प्राचार्या श्रीमती ममता गुप्ता ने शाला प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर के क्रिया कलापो की जानकारी सिलसिलेवार दी मुख्यअतिथी श्रीमती सुनीता गुप्ता ने अपने संबोधन में विदयार्थीयों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता हेतु शाला को धन्यवाद दिया । अध्यक्षता कर रहे बी राघव राव ने 33 वर्षो के सफर का अवलोकन करते हुए श्रीमती सुनीता के कार्यभार संभालने के तुरंत पश्चात प्रथम कार्यक्रम में उपस्थित होने पर अपने शाला को सौभाग्य प्राप्त होने की बात कही कार्यक्रम को चेयरमेन सतीश अग्रवाल ने भी संबोधित किया इस अवसर पर स्थायी सदस्य अखिल गोल्हाने ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा के छात्र छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से पुरस्कृत कर प्रोत्साहन दिया । द्वतिय चरण में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक विदयार्थीयों ने नाटय,प्रहसन, नृत्य वाटिका ,विभिन्न प्रदेशों की सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शको का मन पुनः प्रतिवर्षानुसार जीत लिया एवं दर्शको को ताली बजाकर वाह वाह करने पर मजबूर कर लिया ।

स्वामी विवेकानंद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा के वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। नगर के स्वामी विवेकानंद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जहाँ छात्रों ने देशभक्ति गीतो के अलावा छत्तीसगढ़ प्रदेश की संस्कृति की शानदार प्रस्तुति कर दर्शकों का मंत्रमुग्ध किया इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि ईश्वरीय देवागंन व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अरविंद देवांगन रहे। नगर सहित पुरे परिक्षेत्र के एक मात्र कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद विधालय मे शाम वार्षिक उत्सव का आयोजन रखा गया मुख्य अतिथि ईश्वरीय देवागन व अरविंद देवागंन व विशिष्ट अतिथि पार्षद भरत कुम्भकार व जुबैर अली सहित वरिष्ठ नागरिक धनेश वर्मा कि उपस्थित मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुजापाठ शुभारंभ किया इस अवसर पर ईश्वरीय देवागन ने उपस्थित जन समुह शाला मे अध्ययन करने के साथ शाला प्रतिवेदन मांग पर प्रयोग शाला समाग्री के लिये दस हजार देने कि घोषणा की वही अरविंद देवांगन ने शाला को शासकीय करण करने अधिक से अधिक बालिकाओं को शाला प्रवेश लेने की बात कहते 10हजार देने कि धोषणा किया ।

विभिन्न संस्कार के साथ हुआ पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ

महासमुंद। *अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में वसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इसमें विद्यारंभ, पुंसवन एवं जन्मदिवस संस्कार के साथ पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ हुआ। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का आध्यात्मिक जन्मदिवस भी पर्व पूजन के साथ मनाया गया। 40 दिवस के लिए साधना अनुष्ठान का संकल्प 59 परिजनों ने लिया। इस मौके पर स्वावलंबन केंद्र का शुभारंभ भी किया गया। इसमें सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी गायत्री परिजनों ने दूष्प्रवृत्ति उन्मूलन और सत्प्रवृत्ति संवर्धन, अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए नियमित साधना करने का संकल्प लिया। यज्ञ का संचालन महिला मंडल ने किया। इस अवसर पर युवा मंडल, प्रज्ञा मंडल एवं विभिन्न इकाइयों के सैकड़ों सदस्य उपस्थित हुए। उक्त जानकारी गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के आशीष कुमार साहू ने दी है।*

प्रथम पृष्ठ का शेष...

बस थोड़ा बहुत ही...

बजट वाले दिन बाजार की सबसे बड़ी गिरावट है। जिससे निवेशकों को करीब 4 लाख करोड़ रुपए की चपत लग गई। हालांकि महिलाओं, व्यापारियों समेत हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। बजट भाषण के मुताबिक वित्त वर्ष 2020-21 में 85 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान अनुसूचित जाति और ओबीसी के लिए किया गया है। अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए 53 हजार 700 करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव है। वहीं दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए 9,500 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है। झारखंड की राजधानी रांची में अनुसूचित जनजाति म्यूजियम बनाया जाएगा। वित्तमंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किस क्षेत्र पर वित्त वर्ष 2020-21 के लिए किस क्षेत्र पर कितनी राशि खर्च की जाएगी।

मोदी सरकार का बजट...

जिसकी 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। इन किसानों के लिये निर्मला जी के बजट में कोरी जुमलेबाजी तो है लेकिन किसानों को सच्ची राहत पहुंचाने के लिये कुछ भी नहीं किया गया है। 2022 में किसानों की आय दुगुनी करने की तमाम घोषणाएं कैसे पूरा होगी, इस पर बजट खामोश है। उन्होंने कहा है कि बजट सरकारी संस्थाओं पर अविश्वास की एनडीए सरकार की धारणा को आगे बढ़ाता है और सभी संस्थाओं को कमज़ोर करने की राह पर ले जाता है।

कर दाताओं को राहत...

राष्ट्रीय पुलिस युनिवर्सिटी और नेशनल फोरेंसिक साइंस युनिवर्सिटी के प्रस्ताव से इस दिशा में सार्थक कार्य का भरोसा जगा है। डॉ. सिंह ने सकल विकास दर (जीडीपी) के लक्ष्य को भी मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक बताया है।

नई कर व्यवस्था...

भी दिया है कि वह चाहे तो पुरानी प्रणाली को अपना सकता है। इसकी उसे छूट होगी ।

नई व्यवस्था में ऐसे मिलेगी राहतः नयी व्यवस्था में साढ़े बारह लाख रुपए वाले आयकरदाता को एक लाख 30 हजार रुपए कर देना होगा जबकि पुराने में यह एक लाख 95 हजार रुपए था। इस प्रकार आयकरदाता को 65 हजार रुपए का फायदा होगा। दस लाख रुपए की आमदनी पर नयी व्यवस्था में आयकरदाता को 78 हजार रुपए आयकर देना होगा जबकि पुरानी प्रणाली में उसे एक लाख 17 हजार आयकर देना होता था। इस प्रकार दस लाख रुपए की आमदनी वाले आयकर दाता को 39 हजार रुपए का फायदा होगा। साढ़े सात लाख रुपए की आमदनी वाले को नयी व्यवस्था में 26 हजार रुपए का फायदा होगा। पहले उसे 65 हजार रुपए आयकर देना होता था नयी प्रणाली में यह घटकर 39 हजार रुपए रह जायेगा।

सुपोषण अभियान में...

में हितग्राहियों को गर्म भोजन प्रदाय करना सुनिश्चित कर एक सप्ताह के भीतर अवगत कराएं। और जिन जिलों में इस कार्य में लापरवाही बरती जाएगी उनके खिलाफ शासन स्तर पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बजट से जनआकांक्षाओं को पूरा कर देश के विकास को मिलेगी नई गति - संतोष पाण्डेय

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। शनिवार को लोकसभा में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2020-21 के लिए बजट प्रस्तुत किया. बजट में देश के विकास और हर वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई. राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है उससे देश के विकास को नई गति मिलेगी साथ ही युवा, व्यापारी, महिलाओं, बुजुर्गों और हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा. मैं इस बजट का स्वागत करता हूँ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करता हूँ। यह जन-जन का बजट है जिसमें देश के हर व्यक्ति को इसका फायदा मिलेगा साथ ही देश की अर्तव्यवस्था सुदृढ़ होगी. उन्होंने आगे कहा कि बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है जैसे युवाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए नई शिक्षा निति लाई जाएगी. स्वस्थ भारत के निर्माण हेतु फिट इंडिया मोवमेंट को और अधिक बल दिया जाएगा. बजट में प्रमुख रूप से महिलाओं, युवाओं, व्यापारियों,शिक्षा,स्वास्थ्य, गांव, गरीब और किसान की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। बजट में एक बर पुनः कर्मचारियों को टैक्स में छूट दिया जाना सराहनीय कदम है. नई व्यवस्था के तहत 5 से 7.5 लाख रुपए की इनकम वालों को अभी 20ः देना होता है, उसे अब 10ः ही देना होगा. अन्नदाता किसान भाइयों-बहनों की आमदनी दोगुनी करने के लिए 6.11 करोड़ किसानों पर फोकस किया है और उनके लिए किसानों लिए 16 एक्शन पॉइंट्स बनाना. नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी बनेगी जो नॉन-गैजेटेड पदों पर कम्प्यूटराइज्ड परीक्षा कराने जैसे फैसले बहुत ही सराहनीय हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए बजट में 28600 करोड़ रुपए सिर्फ महिलाओं पर आधारित विशिष्ट कार्यक्रमों पर खर्च किए जाएंगे और भी कई घोषणाएं इस बजट में की कई हैं जो प्रधानमंत्री जी के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति को परिलक्षित करती है।

लोचन का ऑपरेशन सफल हुआ, मिला नया जीवन

बिलासपुर। पुराना पावर हाउस मेन रोड तोरवा स्थित स्वस्तिक हॉस्पिटल में गनयारी निवासी लोचन उम्र 19 साल जिसका बहुत गंभीर एक्सीडेंट हुआ था। लोचन की बाइक ऑटो से टकराना की वजह से उसका चेहरा 2 हिस्सों में टूट गया था, एक आंख बहार लटक रही थी और हॉस्पिटल पहुंचने तक उसकी धड़कने भी लगभग थम सी गई थी। और डॉक्टर्स को भी लग रहा था की लोचन को बचा पाना मुश्किल है लेकिन लोचन की माँ ने हार नहीं मानी और डॉक्टर्स को कहा जो भी करना पड़े आप करें। हमारा पूरा सयोग रहेगा। मां की इस हिम्मत को देखकर डॉक्टर्स की टीम ने लोचन का ऑपरेशन किया और 6 घंटे की लगातार कोशिश से लोचन का ऑपरेशन सफलता पूर्वक पूरा हुआ और मां के जज्बे के आगे भगवान को भी हार मानना पड़ा।

लोचन के परिवार वालों ने स्वस्तिक हॉस्पिटल के डॉक्टर्स डॉ. योगेन्द्र पहरे, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. मनोज राठौर, डॉ. नितिन तिवारी और डॉ. स्वप्निल अग्रवाल को दिल से धन्यवाद किया और हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. स्वेता सबलानी मिश्रा ने हॉस्पिटल के बिल में काफी ज्यादा डिस्काउंट किया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव

ईश्तहार

क्र./392/प्रवा.-3/अ.वि.अ./2019
राजनांदगांव, दिनांक 31/01/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धीरेन्द्र सिन्हा पिता जवाहर सिन्हा निवासी नंदई राजनांदगांव द्वारा ग्राम नंदई प.ह.नं. ख.नं. 1476/3 रकबा 0.316 हे. में से का कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन के भूमि व्यपवर्तन बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 31/01/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III रायपुर, व्यवसायिक परिसर, प्रथम तल, व्ही.आई.पी. रोड, मौल श्री विहार, पुरैना, रायपुर
फोन नं. 0771-4059185 E-mail ID em_zone2@yahoo.com

//आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर, सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक Jr.MIG-I 114 श्री गिरीश रेलवानी पिता स्व. श्री ठाकुरदास रेलवानी, पता- किशोर शापिंग मॉल, कटोरा तालाब, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा कर रजिस्ट्री पश्चात स्वतंत्र भवन का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में उक्त स्वतंत्र भवन को श्री दीपक नेमिचंद रहांगडाले पिता श्री नेमिचंद रहांगडाले पता- 211, इंदिरा गांधी वार्ड रेल टोली गोंदिया (महाराष्ट्र) को विक्रय करना चाहते हैं।

अतः उक्त स्वतंत्र भवन क्रमांक Jr.MIG-I 114 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D22ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-719, श्रीमती रीना देवांगन पति श्री मोहनलाल देवांगन को आफर/ स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 18.05.2010 को अपने नाम पर सेलडीड/ लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त भवन/दुकान को वर्तमान में श्रीमती जयलक्ष्मी गवेल पति श्री सुरेश गवेल पता- वार्ड नं. 04, महाखोल परसा, सरसकेला, मालखरौदा जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन/दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर

कार्यालय, कमाण्डेन्ट, 3री वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, अमलेश्वर जिला-दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष : कार्यालय-98935-99367 वॉट्सअप नं.- 7587205274
ई-मेल नं. co3rdbn-durg.cg@gov.in

-:: विज्ञापन ::-

निविदा क्रमांक- 3री बटा./छसबल/राय/सा.अ./आई-1694-डी/ 20, दिनांक 31/01/2020

छत्तीसगढ़ पुलिस हेतु 3री वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल अमलेश्वर जिला-दुर्ग छ.ग. में मारवाड़ी एवं काठियावाड़ी नस्ल के 10 रिमाउन्ट अश्व क्रय किए जाने हेतु पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत सक्षम फर्म से निम्नलिखित अश्व के विक्रय हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	अश्व की नस्ल	अश्वों के उम्र	संख्या	सुरक्षा निधि	निविदा प्रपत्र की कीमत	क्रय कमेटी को अश्व सौंपने की अवधि	फर्म की श्रेणी
01	मारवाड़ी व काठियावाड़ी	03 से 05 साल	10 अश्व	75,000	750/-	10 दिवस	पंजीकृत

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- प्रकाशन की तिथि से निविदा जमा करने की तिथि तक
2. फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 03.03.2020 के 15:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 03.03.2020 के 16:00 बजे

नोट :- निविदा प्रपत्र कोषालय ''8443- सिविल जमा राशियां 103- प्रतिभूति जमा'' में संबंधित निविदाकर्ता राशि 750/- जमा किया जाकर मूल चालान प्रति संबंधित कार्यालय में जमा करने पर निविदा प्रपत्र एवं क्रय की शर्तें प्राप्त किया जा सकता है। उपरोक्त क्रय प्रक्रिया की, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा अन्य जानकारियां कार्यालय दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कमाण्डेन्ट,
3री बटालियन छसबल
अमलेश्वर-दुर्ग (छ.ग.)

जी-76539/6

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कांकेर वनमण्डल कांकेर

ईमारती काष्ठ के घोष विक्रय की सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, कांकेर वन मण्डल कांकेर के अंतर्गत आने वाले काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती काष्ठ के निम्न विवरण अनुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय दिवस अथवा नीलाम के समय प्राप्त की जा सकेगी।

डिपो का नाम - कांकेर काष्ठागार
नीलाम दिनांक - 10 फरवरी 2020, सोमवार
नीलाम प्रारंभ - प्रातः 09.00 बजे से

स. क्र.	प्रजाति	अनुमानित मात्रा								
		नया			पुराना			योग		
		काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)	काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)	काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	सागौन	15.194	36	7	0.000	0	500	15.194	36	507
2	साल	1.433	0	0	0.000	0	0	1.433	0	0
3	खम्हार	37.217	373	32	40.903	736	76	78.120	1109	108
4	हल्दू/मुंडी	0.087	0	0	0.000	0	0	0.087	0	0
5	बीजा	0.849	1	0	0.000	0	0	0.849	1	0
6	सलई/मोयन	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
7	साजा	1.347	9	4	0.000	0	0	1.347	9	4
8	शीशम	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
9	तिन्सा	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
10	नीलगिरी	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
11	अन्य	6.353	246	8	0.000	0	0	6.353	246	8
	योग :-	62.480	665	51	40.903	736	576	103.383	1401	627
1	सागौन जलाऊ	3 चट्टा			-			3 चट्टा		
2	बोलेरो टायर पुराना	-			20 नग			20 नग		

अनुमानित काष्ठ की मात्रा कम या अधिक हो सकता है।

टीप :- 1) वर्ष 2020 का लकड़ी व्यापारी के रूप में पंजीयन एवं जी.एस.टी. नं. का प्रमाण पत्र अवश्य लावें।
2) क्रेता नीलाम के पूर्व आयकर से संबंधित पेन कार्ड एवं टेन नंबर तथा जी.एस.टी. की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में आवश्यक रूप से जमा करावें।

वनमण्डलाधिकारी
कांकेर वनमण्डल कांकेर

जी-76521/4

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

अगले पांच सालों के लिए बजट

2020 में पीएम मोदी सरकार की योजनाओं को पूरा करना लक्ष्य

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत को दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुये शनिवार को कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत है और 2020–21 का बजट आकांक्षी भारत, आर्थिक विकास तथा संवेदनशील समाज की भावना पर केंद्रिरत है। सीतारमण ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि जीएसटी के लागू होने से 16 लाख नये करदाता जुड़े हैं।

निर्मला सीतारमण ने बजट में की इन नई योजनाओं की घोषणा

- जल्द जारी होगी राष्ट्रीय लॉजिस्टक नीति, एकल खिड़की ई-लाजिस्टिक बाजार बनाया जाएगा
- मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण बनाने तथा सेमिकंडक्टर पैकेजिंग के लिए नयी योजना
- 9000 किलोमीटर आर्थिक गलियारा राजपथ का प्रस्ताव
- 'धन लक्ष्मी योजना' की घोषणा की। इसके तहत नाबार्ड के समर्थन से गांवों में महिला स्वंय सहायता समूहों द्वारा भंडारण सुविधाएं चलायी जाएंगी।
- पीपी मॉडल पर 150 ट्रेनें चलाने का प्रस्ताव
- मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण बनाने तथा सेमिकंडक्टर पैकेजिंग के लिए नयी योजना
- पुलिस विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय अपराध विज्ञान विश्वविद्यालय के गठन का प्रस्ताव
- नयी शिक्षा नीति जल्द घोषित की जाएगी
- मत्स्य पालन क्षेत्र में रोजगार बढाने के लिए सागर मित्र योजना
- जल्दी खराब होने वाले कृषि उत्पादों के परिवहन के लिए 'किसान रेल'
- - बागवानी फसलों के लिए 'एक जिला एक फसल योजना '
- बीस लाख किसानों को सोलर पंप लगाने में मदद देगी सरकार
- उच्च निर्यात कर्ज के लिये एक नई योजना शुरू की जा रही है, इसमें अधिक बीमा कवर मिलेगा, छोटे निर्यातकों के लिये प्रीमियम कम होगा और दावा निपटान की प्रक्रिया आसान होगी
- पीएम किसान के लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ा जाएगा
- तेजस की तरह और रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड ट्रेन का काम आगे बढ़ाया जाएगा। - बेंगलुरू उप-नगरीय रेलगाड़ी परियोजना में केंद्र सरकार 20 प्रतिशत शेयर पूंजी लगाएगी
- अगले तीन साल में सभी के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर, बिजली ग्राहकों को वितरण कंपनी चुनने की आजादी-मिलेगी, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिये 22,000 करोड़ रुपये का आवंटन
- उड़ान योजना को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2024 तक 100 और हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा
- वित्त मंत्री ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए 16 सूत्रीय एजेंडा रखा
- पांच पुरातत्व स्थलों को आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा
- राष्ट्रीय गैस ग्रिड नेटवर्क को 16200 किमी से बनाकर 27000 किमी करने का प्रस्ताव

नई शिक्षा नीति का ऐलान जल्द

स्टडी इन इंडिया को किया जाएगा प्रोत्साहित

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति की घोषणा जल्द की जाएगी। बजट में शिक्षा के लिए 99 हजार 300 करोड़ तथा कौशल विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। गौरतलब है अभी तक 1986 की ही शिक्षा नीति चली आ रही है। तब से अब तक सरकार समय समय पर संशोधन करती आ रही है। लेकिन मोदी सरकार ने अब पूरी तरह नई शिक्षा नीति लाने का फैसला किया है। नई शिक्षा नीति में नीति आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय शिक्षा आयोग बनाए जाने की बात है। इसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होंगे। नई शिक्षा नीति में स्कूलों में तीन लेंग्वेज पढ़ाए जाने का प्रस्ताव है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम शिक्षा मंत्रालय किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि जिला अस्पतालों में अब मेडिकल कॉलेज बनाने की योजना भी बनाई जाएगी। लोकल बॉडी में काम करने के लिए युवा इंजीनियर्स को इंटर्नशिप की सुविधा दी जाएगी। उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। दुनिया के छात्रों को भारत में पढ़ने के लिए सुविधाएं दी जाएंगी। भारत के छात्रों को भी एशिया, अफ्रीका के देशों में भेजा जाएगा। राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। डॉक्टरों के लिए एक ब्रिज प्रोग्राम शुरू किया जाएगा, ताकि प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को प्रोफेशनल बातों के बारे में सिखाया जा सके। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा स्टडी इन इंडिया को प्रोत्साहित किया जाएगा। एजुकेशन सेक्टर में एफडीआई लाया जाएगा। गरीब छात्रों के लिए ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम लाया जाएगा।

आर्थिक समीक्षा में सरकार ने विकिपीडिया और निजी संस्थानों से भी लिया डाटा

नई दिल्ली। संसद में शुक्रवार (31 जनवरी) को पेश आर्थिक समीक्षा 2019-20 में कुछ आंकड़े विकिपीडिया से भी लिए गए हैं। हालांकि विकिपीडिया को सूचना का विश्वसनीय स्रोत नहीं माना जाता है। आर्थिक समीक्षा में विकिपीडिया के अलावा ब्लूमबर्ग, इक्रा, सीएमआईई, भारतीय प्रबंधन संस्थान-बेंगलुरु, फोर्ब्स और बीएसई जैसे निजी संस्थानों के भी आंकड़े लिए गए हैं। विकिपीडिया एक मुफ्त ऑनलाइन सूचना कोश (एन्साइक्लोपीडिया) है। दुनियाभर के लोग स्वयंसेवा करते हुए इसमें सूचना डालते और उसका संपादन करते हैं। इस साइट का परिचालन विकिमीडिया फाउंडेशन करता है। मंच पर किसी के भी सूचना संपादित करने की वजह से इसे विश्वसनीय स्रोत नहीं माना जाता है। इसके अलावा समीक्षा में हेरिटेज डॉट ओआरजी, फ्रेजर इंस्टीट्यूट डॉट ओआरजी और एंबिट कैपिटल से भी आंकड़े लिए गए हैं। समीक्षा में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्वबैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड, सिबिल, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय, संयुक्तराष्ट्र और सिडबी से भी आंकड़े जुटाए गए हैं। आर्थिक समीक्षा में भगवद गीता, ऋगवेद, कौटिल्य के अर्थशास्त्र, तमिल संत तिरुवल्लुवर की शिक्षाओं 'द तिरुकुरल और एडम स्मिथ की पुस्तक' एन इंक्वॉयरी इन टू नेचर एंड कॉजेज ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशंस' के उद्धरण भी दिए गए हैं।

वित्त मंत्री ने कहा- जीएसटी के कारण परिवारों को हुई 4% की बचत

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि जीएसटी (GST) आने के बाद से परिवारों के खर्च में औसतन 4 फीसदी की बचत हुई है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी के क्रियान्वयन के बाद हर परिवार को मासिक व्यय में चार प्रतिशत की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में जीएसटी में दो लाख नये करदाता जुड़े हैं। इसके तहत 40 करोड़ रिटर्न दाखिल किये गये हैं तथा 105 करोड़ ई-वे बिल सृजित हुए हैं। उन्होंने बजट पेश करने से पहले पूर्व वित्त मंत्री व जीएसटी के %शिल्पकार अरुण जेटली को श्रद्धांजलि दी। जीएसटी प्रणाली एक जुलाई 2017 से लागू हुई है। इस बार जनवरी में जीएसटी के तहत 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह हुआ। यह लगातार तीसरा महीना है जब जीएसटी से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

बड़ा ऐलान

जीएसटी रिटर्न का आसान वर्जन 1 अप्रैल से होगा शुरू

बजट 2020 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा ऐलान- नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के रिटर्न का सरल स्वरूप अप्रैल 2020 से पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने लोकसभा में अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि जीएसटी ने इंस्पेक्टर राज को खत्म किया है और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को मदद पहुंचायी है। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को एक लाख करोड़ रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने कहा, जीएसटी के क्रियान्वयन के बाद हर परिवार को मासिक व्यय में चार प्रतिशत की बचत हो रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में जीएसटी में दो लाख नये करदाता जुड़े हैं। इसके तहत 40 करोड़ रिटर्न दाखिल किये गये हैं तथा 105 करोड़ ई-वे बिल सृजित हुए हैं। उन्होंने बजट पेश करने से पहले पूर्व वित्त मंत्री व जीएसटी के शिल्पकार अरुण जेटली को श्रद्धांजलि दी। जीएसटी प्रणाली एक जुलाई 2017 से लागू हुई है। इस बार जनवरी में जीएसटी के तहत 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह हुआ। यह लगातार तीसरा महीना है जब जीएसटी से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बजट भाषण में कहा कि इस बार का बजट तीन चीजों पर मुख्यतौर

पर केंद्रित हैं। ये तीन चीजें हैं- आकांक्षी भारत , सभी के लिए आर्थिक विकास करने वाला भारत और सभी की देखभाल करने वाला समाज । बजट में इन तीन चीजों पर ज्यादा जोर दिया गया है। सीतारमण ने कहा कि इस बजट का लक्ष्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना, कारोबार को मजबूत करना, सभी अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और बैंकों का बही खाता साफ सुथरा हुआ है। वित्त मंत्री ने शनिवार को वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए कहा कि हमारा मकसद लोगों की आय और खरीद क्षमता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि 2014-19 के दौरान सरकार ने कामकाज के संचालन में बड़ा बदलाव किया है।

वित्तमंत्री निर्मला ने सुनाई कश्मीरी कविता, 'हमारा वतन डल लेक में खिलते हुए कमल जैसा'

नई दिल्ली। बजट 2020 को पेश करते हुए निर्मला सीतारमण ने कश्मीर का जिक्र करते हुए एक कश्मीरी कविता पढ़ी। उन्होंने इस कविता का हिन्दी अनुवाद बताया -

कविता (हिन्दी अनुवाद): हमारा वतन खिलते शालीमार बाग जैसा, हमारा वतन डल झील में खिलते कमल जैसा, नौजवानों के गर्म खून जैसा, मेरा वतन, तेरा वतन, हमारा वतन-दुनिया का सबसे प्यारा वतन।

निर्मला सीतारमण ने जो शेर पढ़ा वह कश्मीर के मशहूर कवि दीनानाथ कौल नदीम की कविता संग्रह का है। कवि दीनानाथ कौल कश्मीरी साहित्य के एक आदर्श और दिग्गज कवि हैं।

कवि दीनानाथ कौल का जन्म 1916 में हुआ था, वह कश्मीर से सबसे ज्यादा प्रभावशाली कवियित्री लाल डेड या लल्ला से प्रभावित थे। स्वर्गीय कवि दीनानाथ ने अपने लेखों में लिखा है कि कवियित्री लल्ला इतना ज्यादा फेमस थीं कि उनकी मांग लल्ल की कविता गाया करती थीं। वह अपनी मां को सुनकर लल्ला की कविताओं से काफ ज्यादा प्रभावित हुए थे।

पीएम कुसुम योजना का होगा विस्तार, 20 लाख किसानों को मिलेगा लाभ

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार, (1 फरवरी 2020) को प्रधानमंत्री कृषि ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) के विस्तार की घोषणा की। इस योजना के तहत 20 लाख किसानों को सोलर पंप लगाने में मदद की जाएगी। वित्त मंत्री ने 2020-21 का बजट पेश करते हुए कहा कि 15 लाख किसानों को ग्रिड से जुड़े सोलर पंप लगाने के लिए धन मुहैया कराया जाएगा। किसान इन सोलर पंपों से बनने वाली अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति ग्रिड को भी कर सकेंगे। मोदी सरकार ने पिछले कार्यकाल में फरवरी 2019 में पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की थी, जिसके लिए 34,422 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि इस योजना से किसानों की डीजल और केरोसिन तेल पर निर्भरता घटी है और वे सौर ऊर्जा से जुड़े हैं। इस योजना से किसान सौर ऊर्जा उत्पादन करने और उसे ग्रिड को बेचने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसान अपनी बंजर जमीन पर सौर ऊर्जा पैदा कर आमदनी भी कमा सकेंगे।

पीएम कुसुम योजना के तीन घटक हैं

10,000 मेगावाट क्षमता के ग्रिड से जुड़े विकेंद्रीकृत नवीकरणीय बिजली संयंत्र, 17.50 लाख ग्रिड से पृथक सौर बिजली कृषि पंप और ग्रिड से जुड़े हुए 10 लाख सौर बिजली कृषि पंपों का सोलराइजेशन। योजना के तहत इन तीनों घटकों को मिलाकर 2022 तक कुल 25,750 मेगावाट सौर क्षमता तैयार करने की योजना है।

जल संकट से जूझ रहे 100 जिलों के लिए विस्तृत योजना लाएगी सरकार

नई दिल्ली। जल संकट से जूझ रहे देश के 100 जिलों के लिए सरकार विस्तृत योजना लाने जा रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट पेश करते हुए इसकी घोषणा की। सीतारमण ने लोकसभा में अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि कृषि भूमि पट्टा आदर्श अधिनियम-2016, कृषि उपज और पशुधन मंडी आदर्श अधिनियम -2017, कृषि उपज एवं पशुधन अनुबंध खेती, सेवाएं संवर्धन एवं सुगमीकरण आदर्श अधिनियम-2018 लागू करने वाले राज्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

वित्तमंत्री ने कहा कि जिन किसानों के पास बंजर जमीनें हैं, उन्हें सौर बिजली इकाइयां लगाने और अधिशेष बिजली सौर ग्रिड को बेचने में मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि बाजार को उदार तथा प्रतिस्पर्धी बनाने, कृषि आधारित गतिविधियों को सहायता उपलब्ध कराने और सतत फसल प्रतिरुप व प्रौद्योगिकी की जरूरत है।

उन्होंने बजट में किसानों की बेहतरी के लिए 16 बिंदुओं की कार्ययोजना तथा राज्यों को प्रोत्साहन देने के उपायों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 का बजट मुख्यत तीन बातों आकांक्षी भारत, आर्थिक विकास और कल्याणकारी समाज पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि भारत ने 27.1 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। वित्तमंत्री के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, निर्मला सीतारमण के सहयोगी मंत्री तथा सत्ता पक्ष के सांसद बार-बार मेजें थपथपाकर बजट घोषणाओं की सराहना करते देखे गए।


बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
गणतंत्र दिवस एवं 7 फरवरी को नवप्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
परमानंद साहू
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति ठेलका (साजा, बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
गणतंत्र दिवस एवं 7 फरवरी को नवप्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
पंकज राठी
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति बेलतरा (साजा, बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
गणतंत्र दिवस एवं 7 फरवरी को नवप्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
देवी प्रसाद पटेल
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति खैरझिटीकला (साजा, बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
गणतंत्र दिवस एवं 7 फरवरी को नवप्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
रोशन सिन्हा
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति थानखम्हरिया (साजा, बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
गणतंत्र दिवस एवं 7 फरवरी को नवप्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
हीरालाल साहू
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति गाडाडीह (साजा, बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
गणतंत्र दिवस एवं 7 फरवरी को नवप्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
झग्गर देवांगन
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति देवकर (साजा, बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
गणतंत्र दिवस एवं 7 फरवरी को नवप्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
प्रीतपाल बेलचंद जी
अध्यक्ष
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग
मोतीराम मारकंडे
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति मोहभट्ठा (बेरला, बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
गणतंत्र दिवस एवं 7 फरवरी को नवप्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
प्रीतपाल बेलचंद जी
अध्यक्ष
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग
राजेन्द्र वर्मा
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति हाटरांका (साजा, बेमेतरा)

नवप्रदेश एवं गुप्ता परिवार साजा की ओर से
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रमोद गुप्ता, संपर्क नं. : 8959681096, 9424124522
छोटेलाल गुप्ता
आदित्यानंद गुप्ता
प्रमोद गुप्ता
प्रकाश साहेब गुप्ता
प्रतीक साहेब गुप्ता

क्लीन स्वीप के लिए उतरेगा भारत

पांच मैचों की सीरीज में 5-0 से आगे है भारतीय टीम, अंतिम मैच आज

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने तीसरा मैच सुपर ओवर में जीतने के बाद कहा था कि अब टीम की निगाहें 5-0 की क्लीन स्वीप पर हैं और चौथा मैच भी सुपर ओवर में जीतने के बाद टीम इंडिया रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफहोने वाले पांचवें और अंतिम टी-20 मुकाबले में 5-0 की क्लीन स्वीप के लिए उतरेगी।

माउंट मौंगानुई (वार्ता)। भारत ने सीरीज के पहले दो मैच आसानी से जीते थे और अगले दो मैचों में उसने हार के कगार से वापसी करते हुए पहले स्कोर टाई कराया और फिर दोनों मुकाबले सुपर ओवर में जीत लिए। भारतीय टीम पहले ही न्यूजीलैंड की जमीन पर पहली बार टी-20 सीरीज जीतने का इतिहास रच चुकी है और विराट सेना की निगाहें 5-0 की क्लीन स्वीप पर हैं जबकि मेजबान टीम इस मुकाबले में हर हाल में अपना सम्मान बचाने उतरेगी।

भारत ने पहली बार पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेली है और उसके पास 5-0 की उपलब्धि हासिल करने का शानदार मौका है। पांचवें मैच का स्थल नियमित कप्तान केन विलियम्सन का घरेलू मैदान हैं लेकिन कंधे की चोट के कारण उन्हें इस मुकाबले से बाहर बैठना पड़ेगा। उन्हें तीसरे मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे वह चौथे मैच से बाहर हो गए थे।

तीसरा और चौथा मैच सुपर ओवर में हारने के बाद न्यूजीलैंड पर सोशल मीडिया पर चोकर्स का ठप्पा लग चुका है। न्यूजीलैंड ने अपने आठ सुपर ओवर में से सात गंवाए हैं और कप्तानी संभाल रहे तेज गेंदबाज टिम साउदी पिछले दो मैचों में सुपर ओवर में भारतीय बल्लेबाजों को रोकने में नाकाम रहे हैं। इन दो हार के लिए न्यूजीलैंड के बल्लेबाज जिम्मेदार हैं।

6 वर्षों में पहली बार

भारत पर धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना

दुबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में शुक्रवार को खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए उसकी मैच फीस के 40 फीसदी का जुर्माना लगाया गया है और पिछले लगभग छह वर्षों में यह पहला मौका है जब भारत पर धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। भारतीय टीम निर्धारित समय में दो ओवर पीछे थी। आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने यह जुर्माना लगाया है। धीमे ओवर रेट में खिलाड़ियों की मैच फीस के 20 प्रतिशत का प्रति ओवर जुर्माना लगाया जाता है और भारतीय टीम दो ओवर धीमा थी। इस जुर्माने के कारण भारत का 264 मैचों का बिना किसी जुर्माने का चला आ रहा अभियान थम गया।

नॉर्थ ईस्ट को हराकर टॉप-4 में पहुंची मुम्बई सिटी

मुंबई (वार्ता)। डिएगो कार्लोस के विजयी गोल के सहारे मुम्बई सिटी एफसी हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन में टॉप-4 में पहुंच गई है। मुम्बई ने शुक्रवार को यहां मुम्बई फुटबाल एरेना में खेले गए अपने 15वें मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 1-0 से हरा दिया।

मुम्बई की 15 मैचों में यह छठी जीत है और अब उसके 23 अंक हो गए हैं तथा वह अंक तालिका में चौथे नंबर पर पहुंच गई है। नॉर्थईस्ट की 13 मैचों में लगातार चौथी और सीजन की यह छठी हार है। वह नौवें नंबर पर है। दोनों टीमें जब पिछली बार जब एक-दूसरे के खिलाफभिड़ी थी तो उन्हें 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा था। मेजबान मुम्बई के लिए इस मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सातवें मिनट में ही उसके खिलाड़ी डिएगो कार्लोस को येलो कार्ड दिखा दिया गया। 10वें मिनट तक दोनों टीमों को कॉर्नर मिल गया, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके। इसके पांच मिनट बाद ही रीगन ने एक अच्छा मौका बनाया, लेकिन एंड्रयू किओग इसे मौके को भुना नहीं पाए। 19वें मिनट में मेजबान टीम के मोहम्मद रफीक को पीला कार्ड थमाया गया। दो मिनट बाद ही मुम्बई सिटी के पास बढ़त लेने का मौका आया। अमिने चेरमिती का एक लंबा शॉट आउटसाइड चला गया। 28वें मिनट में भी मेजबान टीम बढ़त लेने का बेहतरीन मौका गंवा बैठी।

थमने का नाम नहीं ले रहा सिंधू की हार का सिलसिला

विश्व चैम्पियन पीवी सिंधू की हार का सिलसिला थम नहीं रहा है और उन्हें प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) में एक बार फिर ताई जू यिंग से हार का सामना करना पड़ा।

हैदराबाद (वार्ता)। बेंगलुरू रैप्टर्स की ओर से खेल रही जू यिंग ने शुक्रवार को यहां जीएमसी बालयोगी इंडोर स्टेडियम में पीबीएल के पांचवें सीजन के मैच में हैदराबाद हंटर्स की सिंधू को तीन गेमों तक चले मुकाबले में मात दी। पहले गेम हारने के बाद भी जू यिंग ने सिंधू को 15-11, 13-15, 9-15 से हराया। जू यिंग की इस जीत के साथ बेंगलुरू ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

यिंग ने पहले गेम में 3-0 की बढ़त ले ली। सिंधू ने लगातार तीन अंक लेकर स्कोर बराबर किया और फिर 6-5 की बढ़त लेने के बाद ब्रेक में 8-5 के स्कोर के साथ गईं। सिंधू ब्रेक के बाद ज्यादा तेजी और आक्रामकता से खेल रही थीं।

भारत और पाक के बीच होगा अंडर-19 सेमीफाइनल

बेनोनी (वार्ता)। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को शुक्रवार को छह विकेट से पराजित कर अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से होगा। क्वार्टर फाइनल में अफगानिस्तान की टीम 49.1 ओवर में 189 रन पर सिमट गई। फरहान जाखिल ने 55 गेंदों में 40 रन बनाए। रहमनुल्ला ने 29, आबिद ने 28 और अब्दुल ने 30 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की तरफ से आमिर खान ने 58 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। पाकिस्तान के ओपनर हुरेरा के 76 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से बने 64 रन की बदौलत 41.1 ओवर में चार विकेट पर 190 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

केनिन ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब

अमेरिका की सोफिया केनिन ने स्पेन की गरबाइन मुगुरुजा को शनिवार को खेले गए संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-6, 6-2, 6-2 से हराकर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला वर्ग का एकल खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया।

मेलबोर्न (वार्ता)। ऑस्ट्रेलियन ओपन को इस बार केनिन के रूप में नई चैंपियन मिल गयी। 14वीं सीड केनिन ने यह मुकाबला दो घंटे तीन मिनट में जीता और अपना पहला ग्रैंड स्लेम खिताब अपने नाम किया। दोनों ही खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थीं।। 21 साल की सोफिया खिताब जीतने के साथ 2008 में रूस की मारिया शारापोवा की सफलता के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला खिताब जीतने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गई हैं। शारापोवा ने 20 साल की उम्र में यह खिताब जीता था जबकि पिछले साल खिताब जीतने वाली जापान की नाओमी ओसाका की तब उम्र 22 साल थी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबर की टक्कर रही और स्कोर 4-4 से बराबर था लेकिन मुगुरुजा ने अगले दो गेम जीतकर पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। केनिन ने दूसरे सेट में शानदार शुरुआत करते हुई 4-1 की बढ़त बना ली। मुगुरुजा ने छठा गेम जीता लेकिन केनिन ने अगले दो गेम जीतकर यह सेट 6-2 से अपने नाम कर मुकाबले को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। केनिन ने तीसरे सेट में मुगुरुजा को कोई मौका नहीं दिया और यह सेट 6-2 से जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन में नया इतिहास बना दिया। केनिन ने सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और टॉप सीड ऑस्ट्रेलिया के एश्ले बार्टी को 7-6, 7-5 से हराया था जबकि गैर वरीय मुगुरुजा ने दुनिया की नंबर-3 खिलाड़ी रोमानिया की सिमोना हालेप को 7-6, 7-5 से मात दी थी।

‘स्टूडेंट ऑफद इयर 3’ में अलाया

पूजा बेदी की बेटी अलाया फर्नीचरवाला ‘जवानी जानेमन’ से डब्यू करने के साथ ग्लैमर की दुनिया में छा चुकी हैं। फिल्म में सैफ अली खान और तब्बू लीड रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिक्स रिव्यूज मिले हैं लेकिन अलाया के परफॉर्मेंस की तारीफहर कोई कर रहा है। अपनी डेब्यू फिल्म से ही अलाया ने फिल्मी दुनिया और फैंस सबको प्रभावित कर दिया है। बॉलिवुड में कई नए चेहरों के साथ पूजा बेदी की बेटी अलाया फर्नीचरवाला भी फिल्म ‘जवानी जानेमन’ से डेब्यू कर रही हैं। उनके साथ फिल्म में सैफअली खान होंगे। फिल्म के डायरेक्टर हैं नितिन कक्कड़। फिल्म ‘जवानी जानेमन’ का ट्रेलर और गाने काफी पसंद किए गए और लोगों इसे पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिला। फिल्म में एक पिता और उसकी बेटी के रिलेशनशिप को दिखाया गया है। अलाया की ऐक्टिंग स्किल्स की तारीफउनके ऑन-स्क्रीन पिता सैफअली खान भी एक इंटरव्यू के दौरान कर चुके हैं। फिल्म की स्क्रीनिंग पर अलाया की मॉम पूजा बेदी अपने बॉयफ्रेंड मनेक कॉन्ट्रेक्टर के साथ पहुंची थीं। वहीं अलाया के पिता फरहान फर्नीचरवाला अपनी पत्नी लैला के साथ पहुंचे थे। बता दें कि लैला दिवंगत अभिनेता फिरोज खान की बेटी हैं। स्क्रीनिंग में अलाया की मॉम पूजा बेदी, उनके बॉयफ्रेंट मनेक कॉन्ट्रेक्टर, पूजा बेदी के एक्स हस्बैंड फरहान फर्नीचरवाला अपनी पत्नी लैला और बेटे सब साथ दिखाई दिए। पूजा अपने पति से अलग हो चुकी हैं लेकिन उन दोनों के बीच अच्छे रिश्ते हैं। जानें अलाया का अपने पैरंट्स के तलाक और स्टेप पैरंट्स से रिश्ते पर क्या कहना है।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अलाया ने मॉम के तलाक के बाद पिता से रिश्ते पर बात की। जब पूछा गया कि पैरंट्स के तलाक का उन पर क्या असर पड़ा तो उनका जवाब था कि उस वक्त वह 5 साल की थीं। उन्हें ठीक से कुछ याद भी नहीं। अलाया ने बताया कि उनका बचपन अच्छा था और तलाक के बाद भी उनके पैरंट्स के बीच अभी भी अच्छे रिश्ते हैं। अलाया ने बताया कि उनके पैरंट्स ने कभी महसूस नहीं होने दिया कि कोई दुखी होने वाली बात हुई है। अलाया के पिता फरहान की शादी हो चुकी है और उनकी सेकंड वाइफलैला से उनका एक बेटा भी है। अलाया ने बताया कि उन्हें अपने छोटे भाई और उनकी स्टेप मॉम दोनों पसंद हैं। इतना ही नहीं अलाया ने यह भी बताया कि वह अपनी ममी के बॉयफ्रेंड (मानेक कॉन्ट्रेक्टर) जो कि पूजा बेदी के होने वाले पति भी हैं उनके साथ भी उनकी काफी बनती है। अलाया बताती हैं कि ये सभी लोग बहुत अच्छे और खुश लोग हैं इसलिए वह उनके साथ हमेशा खुश रहती हैं। ऐसा होने के साथ कई डायरेक्टर्स की नजरें अलाया पर लगी हुई हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट की मानें तो सूत्रों ने बताया है कि अलाया ‘स्टूडेंट ऑफद इयर’ की फ्रैंचाइजी में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग गर्मियों में बैंकॉक में होगी।

खुद को अभी सफल अभिनेत्री नहीं मानती है दिशा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी अभी खुद को सफल अभिनेत्री नहीं मानती है।वर्ष 2016 में प्रदर्शित फिल्म एम.एस. धोनीः द अनटॉल्ड स्टोरी से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत करने वाली दिशा पाटनी ने कुंग फू योगा ,बागी 2 और भारत जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। पाटनी हालांकि अभी खुद को सक्सेसफुल नहीं मानती हैं। उनका मानना है कि अभी उन्हें बहुत कुछ करना है।

दिशा पाटनी ने कहा, ‘अभी बहुत कुछ करना बाकी है। मुझे लगता है कि पूरी यात्रा के दौरान, मैं लकी रही कि ऐसे लोगों से मिली जो हमेशा मददगार रहे हैं। मेरा परिवार मुझे फिल्मों के बारे में सलाह नहीं देता है और न ही मैं उन्हें तनाव देना चाहती हूं। मैं खुश हूं कि मेरे पास काफी काम हैं और मैं सभी में बेस्ट देने की कोशिश कर रही हूं। मैं इसका श्रेय अपने माता-पिता को देती हूं।



सूर्यवंशी में काम करेंगे जैकी श्राफ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के स्टाइलिश अभिनेता जैकी श्रॉफफिल्म सूर्यवंशी में काम करते नजर आयेंगे। बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी इन दिनों फिल्म सूर्यवंशी बना रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की मुख्य भूमिका होगी जबकि अजय देवगन और रणवीर सिंह कैमियो भूमिका में नजर आयेंगे। अब इस फिल्म की स्टार कास्ट में जैकी श्रॉफकी एंट्री हुई है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर जैकी के लुक के बारे में बताया गया है और साथ में एक दिलचस्प मैसेज भी लिखा है।



तमिल फिल्म के रीमेक में डबल रोल निभायेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा तमिल फिल्म के रीमेक में डबल रोल निभाते नजर आयेंगे। बॉलीवुड में चर्चा है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा ने तमिल की सुपरहिट फिल्म थाड़म का हिंदी रीमेक साइन किया है। सिद्धार्थ इतने ज्यादा उत्साहित हैं कि उन्होंने इस फिल्म की तैयारी भी शुरू कर दी है। इस फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में सिद्धार्थ एक बिजनसमैस और एक चोर के रोल में दिखेंगे। सिद्धार्थ इस फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं और मेकर्स भी उनके लिए दो अलग-अलग लुक्स पर काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी काफी थ्रिलिंग है, जिसकी वजह से मेकर्स कुछ जबरदस्त चेज़ सीक्वेंस प्लान करने में सफल रहे हैं और सिद्धार्थ को भी ये काफी पसंद आए हैं। कहा जा रहा है कि सिद्धार्थ इसमें खूब ऐक्शन और स्टंट करते हुए भी नजर आएंगे। इस फिल्म के अलावा सिद्धार्थ जल्द ही ‘शेरशाह’ में नजर आएंगे, जो कि करगिल हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा की लाइफपर बन रही एक बायॉपिक है। फिल्म ‘शेरशाह’ 03 जुलाई को रिलीज होगी।

क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का किरदार निभायेगी अनुष्का शर्मा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का किरदार निभाती नजर आ सकती है। अनुष्का शर्मा काफी समय से फिल्म इंडस्ट्री से दूर है। अनुष्का के फैंस को उनकी आने वाली फिल्म का लंबे वक्त से इंतजार है। वह जल्द ही अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर सकती हैं। चर्चा है कि वह क्रिकेटर के रोल में नजर आएंगी। हाल ही में अनुष्का शर्मा और झूलन गोस्वामी कोलकाता के ईडन गार्डन में बात करती दिखाई दी थीं। कहा जा रहा है कि अनुष्का भारतीय क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी के रोल में दिखाई देंगी। अनुष्का के पति विराट कोहली खुद क्रिकेटर हैं, ऐसे में अनुष्का को इस रोल में देखना इंट्रेस्टिंग होगा। वह जल्द ही अपनी इस फिल्म का औपचारिक तौर पर घोषणा कर सकती हैं।

सस्ता चांउर सब्बो सेती
खुसी बगरगे चारों कोती

सार्वभौम पीडीएस का क्रियान्वयन

राशन कार्ड का प्रकार	चावल की मासिक पात्रता	उपभोक्ता दर
अंत्योदय	35 किलो	1 रू./किलो
प्राथमिकता	1 सदस्य- 10 किलो, 2 सदस्य- 20 किलो, 3-5 सदस्य- 35 किलो, 5 से अधिक प्रति सदस्य- 7 किलो	1 रू./किलो
अन्नपूर्णा	35 किलो	10 किलो निःशुल्क एवं शेष 25 किलो 1 रूपये की दर से
निराश्रित	10 किलो	निःशुल्क
निःशक्तजन	10 किलो	निःशुल्क
एपीएल	35 किलो	10 रू./किलो

छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस
सस्ता चाउंर सब्बो सेती खुसी बगरगे चारों कोती

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

- शहरी और गैर अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्र के बी.पी.एल. परिवारों को केरोसिन की पात्रता समाप्त कर दी गई थी जिससे, नई सरकार ने बहाल कर दिया जिससे शहरी व गैर अनुसूचित क्षेत्रों में रियायती दरों पर प्रति माह 2 लीटर एवं अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में 3 लीटर केरोसिन का प्रदाय
- रियायती दरों पर सभी क्षेत्रों में शक्कर प्रदाय
- आदिवासी अंचलों में 2 किलो तथा गैर आदिवासी क्षेत्रों में 1 किलो आयोडीनयुक्त नमक निःशुल्क प्रदाय
- आदिवासी क्षेत्रों में 5 रू. प्रति किलो की रियायती दर पर प्राथमिकता तथा अंत्योदय परिवारों को प्रोटीनयुक्त चना प्रदाय
- बस्तर संभाग में प्रति बी.पी.एल. परिवार चना के साथ 2 किलो गुड़ प्रदाय
- राज्य स्तरीय सुपोषण अभियान की शुरूआत 2 अक्टूबर 2019 से, जिसमें पीडीएस का भी योगदान

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' पढ़ने के लिए यह QR Code स्कैन करें

छत्तीसगढ़ संवाद/ आर.ओ. 24071/1